तापमान
अधिकतम 36.4 डिग्री
न्यूनतम 27.9 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 20 जून 2026


नीट का पेपर लेकर शहर पहुंचा इंडियन एयर फोर्स का हेलीकॉप्टर।



## खबर संक्षेप

### डिप्टी सीएम साव आज शहर में

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव का 20 जून को नगर आगमन हो रहा है। श्री साव दोपहर 3 बजे रायपुर से बिलासपुर के लिए रवाना होंगे। श्री साव शाम 5 बजे से 7.30 बजे तक बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल कृषि महाविद्यालय सभागार सरकंडा में आयोजित श्री सुदर्शन प्रेरणा मंच त्रयोदशा व्याख्यान माला कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे। शाम 7.30 बजे से 8.30 बजे तक बिलासपुर में उनका समय आरक्षित है। रात 8.30 ब बिलासपुर से दुर्गा के लिए रवान होंगे। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अ.भा. कार्यकारिणी सदस्य मुकुल कानिटकर द्वारा व्याख्यान दिया जाएगा। कार्यक्रम में केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साव, कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा विशिष्ट अतिथि होगे। कार्यक्रम में पं सुदंरलाल शर्मा वि.वि बिलासपुर के कुलपति प्रो वीरेन्द्र कुमार सारस्वत और नगर संघ संचालक प्रदीप शर्मा उपस्थित रहेगे। कार्यक्रम के संयोजक डॉ प्रफुल कुमार शर्मा हैं।



### प्रधान मुख्य कार्मिक अफसर बनीं अहलूवालिया

बिलासपुर। भारतीय रेल कार्मिक सेवा आईआरपीएस की वरिष्ठ अधिकारी श्रीमती दर्शनिता बोरा अहलूवालिया ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी पीसीपीओ का कार्यभार ग्रहण किया है। श्रीमती अहलूवालिया दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में मुख्य कार्मिक अधिकारी, रायपुर मंडल में अपर मंडल रेल प्रबंधक एडीआरएम, बिलासपुर एवं रायपुर मंडल में वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सीनियर डीपीओ तथा मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सीपीआरओ जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुकी हैं।




### निर्माणाधीन कॉलोनी में हादसा, तीन घायल

# मौत बनकर फटा जेसीबी का टायर हवा में 15 फीट उछला हेल्पर, मौत








**कैमरे में कैद हुई हादसे की तस्वीर**

घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि टायर में हवा भरी जा रही है और अगले ही पल जोरदार धमाका होता है। धमाके के साथ हेल्पर हवा में उछलता दिखाई देता है। वीडियो सामने आने के बाद हादसे की भयावहता और भी स्पष्ट हो गई है। धमाके की आवाज सुनकर आसपास काम कर रहे मजदूर और कर्मचारी कुछ देर के लिए सन्न रह गए इसके बाद होश संभालते हुए घायलों के पास पहुंचे। कई लोग हादसे की भयावहता देखकर स्तब्ध रह गए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चकरभाठा थाना क्षेत्र के बोदरी स्थित फॉर्च्यून एलिमेंट की निर्माणाधीन कॉलोनी में शुक्रवार दोपहर बड़ा हादसा हुआ। यहां जेसीबी के पंचर टायर में हवा भरते समय अचानक धमाका हो गया और 18 वर्षीय हेल्पर करीब 15 फीट ऊपर हवा में उछल गया। जमीन पर गिरते ही उसकी मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक निर्माणाधीन कॉलोनी परिसर में जेसीबी के टायर की हवा निकल गई। पंचर बनाने के बाद टायर में हवा भरी जा रही थी। इसी दौरान अचानक टायर तेज धमाके के साथ फट गया। धमाके की तीव्रता अधिक थी कि आसपास मौजूद लोग दहशत में आ गए और कुछ सेकंड के लिए पूरा परिसर में सन्नाटा छा गया।

■ **धमाके से पूरे परिसर में पसरा सन्नाटा**

लोगों ने बताया कि धमाके के साथ ही हेल्पर उमाकांत कौशिक सीधे हवा में उछल गया। जमीन पर गिरते ही वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा इतना भयावह था कि उसका जबड़ा तक उखड़कर दूर जा गिरा, उसे अस्पताल ले जाने से पहले ही उसकी मौत हो गई। घटना के दौरान टायर पर बैठे तीन लोग भी घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

### सीपत का रहने वाला था युवक

हादसे में जिस युवक की मौत हुई है उसका नाम उमाकांत कौशिक है। 18 वर्षीय उमाकांत यहां हेल्पर के तौर पर काम करता था। वह सीपत क्षेत्र का रहने वाला था। टायर फटने से जेसीबी ऑपरेटर, मैकेनिक और एक अन्य व्यक्ति भी घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। बताया जा रहा है घायलों में काची झारखंड का रहने वालो ओसामा खान पिता मो साजिद मिया 32 वर्ष, पचपेड़ी निवासी अमृत यादव पिता संतोषा यादव 20 वर्ष, चकरभाठा निवासी भूपेंद्र भोसले पिता सुरेंद्र भोस्ले उम्र 36 वर्ष शामिल है।

### मौके पर पहुंची पुलिस, जांच शुरू

घटना की सूचना मिलते ही चकरभाठा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। हादसा किन परिस्थितियों में हुआ, टायर की तकनीकी स्थिति क्या थी और सुरक्षा मानकों का पालन किया गया था या नहीं, इन सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। निर्माणाधीन परियोजनाओं में भारी मशीनों और बड़े टायरों की मरम्मत के दौरान विशेष सुरक्षा मानकों का पालन किया जाता है। टीआई भावेश शंडे ने बताया कि अभी जांच की जा रही है, घायलों को इलाज के लिए भर्ती किया गया है, वहीं आसपास के लोगों से बयान लिया जा रहा है।

# ट्रिपल मर्डर केस का अभियुक्त दे रहा एलएलबी की परीक्षा

### कोरबा जेल से डीपी कालेज लाया गया

■ कोर्ट ने जेल अधीक्षक को दिया है निर्देश, शासकीय खर्चे पर हर परीक्षा तिथि में लाया जाएगा

■ कोरबा क्षेत्र के उरगा में हुए ट्रिपल मर्डर केस का मुख्य अभियुक्त है अमेरी निवासी आशीष दास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ट्रिपल मर्डर केस का मुख्य अभियुक्त बीएएलएलबी 10 वें सेमेस्टर की परीक्षा देगा। जिला कोर्ट कोरबा ने इस बारे में जिला जेल कोरबा में बंद जेल अधीक्षक को इस बारे में आदेश दिया है। कोर्ट के आदेश पर अमेरी बिलासपुर निवासी अभियुक्त आशीष दास को कोरबा जेल से डीपी विप्र ला कालेज सरकंडा लाया गया और उसने 19 जून शुक्रवार की पहली पाली में सुबह 7 से 10 बजे तक परीक्षा दी। इस दौरान उसके परिजन भी पुलिस बल के साथ परीक्षा केन्द्र के सामने खड़े रहे।


मुख्य अभियुक्त

ध्यान रहे कि 5 लाख को ढाई करोड़ में बदलने का लालच और अंधविश्वास में 6 महीने पहले दिसंबर 2025 में तीन लोगों की हत्या की गई थी। इसमें मुख्य आरोपी आशीष दास के साथ ही पुलिस ने सहयोगी राजेंद्र जोगी, केशव सूर्यवंशी, अश्वनी कुर्रे, संजय दास और भगवत प्रसाद को गिरफ्तार किया था। दरअसल उरगा पुलिस थाना क्षेत्र के कुदरी बरबसपुर स्थित यार्ड में यह घटना हुई थी। मौके पर 5 लाख रुपयों को ढाई करोड़ में बदलने के लिए तांत्रिक प्रक्रिया की जा रही थी। इसके लिए बिलासपुर के बैगा आशीष दास की सेवाएं ली गई। लालच और अंधविश्वास के चक्कर में अशरफ मेमन, सुरेश साहू और नीतीश रात्रि की जान चली गई। तांत्रिक के कहने पर उसके सहयोगियों ने मृतकों के गले पर रस्सी डाली और उसे खींचा जिससे उनकी मौत हो गई।

### परीक्षा देने से वंचित किया तो भविष्य पर प्रभाव

याचिका में यह भी बताया गया कि जेल में रहने के दौरान अभियुक्त आशीष दास को 31 दिसंबर 2025 को 9 वें सेमेस्टर हेतु परीक्षा केन्द्र में परीक्षा में सम्मिलित होने का आदेश कोर्ट द्वारा दिया गया था। बीएएलएलबी 9 वें सेमेस्टर में अभियुक्त 52 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण हुआ है। इसलिए 10 वें सेमेस्ट के लिए भी जेल नियमावली के अनुसार शासकीय वाहन एवं शासकीय खर्चे पर पुलिस बल के साथ आरोपी को जिला जेल कोरबा से बिलासपुर परीक्षा केन्द्र भेजा जाए। कोरबा के प्रथम जिला और अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती गरिमा शर्मा की ओर से दिए गए आदेश में कहा गया कि आरोपी विधि का छात्र है, जो नियमित पढ़ाई कर रहा था। उसे परीक्षा देने से वंचित किया जाता है तो उसके भविष्य पर प्रभाव पड़ेगा। इसलिए उसे परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति दी जाती है। साथ ही जेल अधीक्षक कोरबा को निर्देशित किया जाता है कि जेल मेनुअल के नियमानुसार आरोपी आशीष दास को 19 जून, 25 जून, 3 जुलाई, 9 जुलाई, 15 जुलाई को 10 वें सेमेस्टर की परीक्षा के लिए डीपी विप्र कालेज बिलासपुर भेजा जाए।

### किताबों के साथ ही नोट्स और सभी सामग्री मांगी

प्रकरण में अभियुक्त आशीष दास की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता पीएन पासवान व कु. निशा पासवान ने उपस्थित होकर एक याचिका जिला कोर्ट कोरबा में दायर की थी। इसमें कहा गया कि आशीष दास जेल अभिरक्षा में निरुद्ध है। वह अटल यूनिवर्सिटी की 2025-26 की मुख्य परीक्षा में बीएएलएलबी में 10 वां सेमेस्टर की परीक्षा देना चाहता है। उसका परीक्षा केन्द्र डीपी विप्र महाविद्यालय बिलासपुर में है। याचिका में कोरबा जेल से बिलासपुर के डीपी विप्र ला कालेज तक परीक्षा की तिथियों में शासकीय वाहन और शासकीय खर्चे से आने जाने की अनुमति के साथ ही पूरी किताबें एव नोट्स पेंशील, पेन एवं पठन-पाठन की समस्त सामाग्री प्रदान करने की अनुमति मांगी गई।






## खबर संक्षेप

### परामर्शदात्री समिति की बैठक में कर्मचारी हितों की हुई चर्चा




**बिलासपुर।** विकास भवन के दृष्टी सभाकक्ष में आज परामर्शदात्री समिति की बैठक की गई। जिसमें कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में नगर पालिक निगम बिलासपुर के अधिकारी-कर्मचारियों की समस्या और मांगों को लेकर चर्चा की गई। समिति की बैठक में उपस्थित निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने कहा कि कर्मचारी संगठनों की मांग और समस्याओं यथोचित निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ और नवनियुक्त अधिकारी/कर्मचारी कल्याण संघ के पदाधिकारियों ने पदोन्नति में विसंगति,पदोन्नति चैनल का पालन करने,सेवानिवृत्त कर्मचारियों की ग्रेच्युटी,प्लेसमेंट कर्मचारियों की सेवा में अनियमितता,नियमितीकरण,समय पर वेतन भुगतान,कर्मचारी सम्मान निधि का भुगतान,ओल्ड पेंशन स्कीम को लागू करना अनुकंपा नियुक्ति,कार्यालय में कर्मचारियों के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति,कर्मियों के लिए लिए आवासीय परिसर समेत अन्य मुद्दों पर अपनी मांग रखी। बैठक में कर्मचारी संगठनों ने बिंदुवार एजेंडा सौंपते हुए शीघ्र निराकरण की मांग निगम कमिश्नर से की। निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने कहा सभी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा और यथोचित निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा,शासन स्तर की मांगों के लिए शासन को पत्राचार किया जाएगा। बैठक में स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ के सुरेश तिवारी,नंदकुमार कुशवाहा,जुगल सिंह,जयप्रकाश दुबे, अभिषेक मिश्रा, शंकर मेश्राम,हरीश शास्त्री आदि मौजूद थे।

### सतगुरु कबीर साहब के प्रकट उत्सव पर रक्तदान शिविर कल

**बिलासपुर।** सतगुरु कबीर साहेब का 629 प्रकट उत्सव 21 जून को मनाया जाएगा। इस अवसर पर राकेश दास



मानिकपुरी ने बताया की यह कार्यक्रम स्व लखीराम अग्रवाल आडिटोरियम में 21 जून रविवार को मनाया जाएगा। प्रातः 8 बजे गुरु महिमा पाठ होगा। 10 बजे सम्मान समारोह, अंडर 18 हॉकी एशिया कप जिताने वाले मानिकपुरी पनिका समाज के अवि मानिकपुरी का स्वागत दोपहर 12 बजे से मानिकपुरी पनिका समाज के छत्तीसगढ़ हीरो आनंद दास, गायक डा. नवल दास, हास्य कवि गजराज दास साहेब का सम्मान होगा। इसी तरह सतगुरु कबीर सुफी भजनकार डॉ सुरेश ठाकुर द्वारा कबीर साहब के भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। दोपहर 3 बजे से दामाखेड़ा से महंत राजू दास साहेब द्वारा भजनों की प्रस्तुति, तत्पश्चात स्वेछिक रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। दोपहर 1 बजे से सतगुरु भंडारा प्रारम्भ। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महंत ईश्वर दास, मनहरण दास, समारु दास, दुर्गेश दास, गणेश दास, हर दास, साहेब दास, अभिषेक दास, ईश्वर दास, पुष्पेंद्र दास,मनोज दास, मुकेश दास,भगवान दास,सोहन दास, दिलहरण दास आदि जुटे हैं। कार्यक्रम के आयोजक ने बताया कि यह शिविर हर साल लगाया जाता है। समाज के लोग बढ़ चढ़कर इसमें हिस्सा लेते हैं। हमरा प्रयास है कि अधिक से अधिक लोग शिविर में शामिल होकर जनकल्याण के लिए रक्तदान करें। इसके लिए समाज में जागरूकता अभियान चलाया गया है, पाम्पलेट बांटे गए हैं। जिससे अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार हो सके और लोग इसका लाभ उठा सकें।

### 300 नंबर के साथ सुरभी बनीं चार्टर्ड अकाउंटेंट

**बिलासपुर।** गुरुवार को इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने मई की फाइनल परीक्षा के



परिणाम जारी किए। इस चुनौतीपूर्ण परीक्षा में शहर की 23 वर्षीय सुरभी शुक्ला सफलता प्राप्त कर चार्टर्ड अकाउंटेंट बन गई हैं। सुरभी शुक्ला ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से यह सफलता अर्जित की है। उन्होंने ग्रुप-1 में 133 अंक और ग्रुप-2 में 168 अंक प्राप्त किए। इस तरह, सुरभी ने कुल 301 अंकों के साथ चार्टर्ड अकाउंटेंट फाइनल की परीक्षा उत्तीर्ण की है। सुरभी ग्राम जलसो (रतनपुर) निवासी मुकेश शुक्ला और रोहिणी शुक्ला की सुपुत्री हैं। उनके चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने से परिवार में खुशियां छा गई है।

### सीपत के ऋषभ बने चार्टेड अकाउंटेंट किया क्षेत्र का नाम रौशन

**बिलासपुर।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टेड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया द्वारा घोषित मई 2026 की फाइनल परीक्षा के परिणाम



में सीपत के ऋषभ गुप्ता ने सफलता हासिल कर चार्टेड अकाउंटेंट (सीए ) बन गए। ऋषभ ने ग्रुप एक में 160 अंक और ग्रुप दो में 150 अंक प्राप्त किए, इस प्रकार उन्हें कुल 310 अंकों के साथ सीए फाइनल परीक्षा उत्तीर्ण की। सीपत के ऋषभ ने कठिन परिश्रम, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर चार्टेड अकाउंटेंट (सीए) की परीक्षा उत्तीर्ण कर परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वे ऋषभ गुप्ता सीपत निवासी दिलीप गुप्ता और लेखनी गुप्ता के सुपुत्र हैं। इस उपलब्धि पर अखिल भारतीय कसौधन वैश्य महासभा ट्रस्ट गुप्ता समाज के जिला अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने ऋषभ गुप्ता की उपलब्धि पर उन्हें सम्मानित करने का निर्णय लिया है।

### अटल बिहारी वाजपेयी विवि ने निवृत्ति को दी पीएचडी

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय द्वारा निवृत्ति जेम्स को वाणिज्य विषय में पीएचडी की उपाधि



प्रदान की गई है। उन्होंने अपना शोध कार्य एन एनालायटीकल स्टडी ऑन द इफेक्सी आफ मुद्रा बैंक स्कीम्स फॉर द ग्रोथ ऑफ माइको यूनिट्स शीर्षक के अंतर्गत पूर्ण किया है। निवृत्ति ने यह शोध कार्य सी.एम.डी. महाविद्यालय बिलासपुर के प्राचार्य डॉ. संजय सिंह के निर्देशन में पूर्ण किया। निवृत्ति जेम्स, वसंत राव मुलकलवार एवं अंजना मुलकलवार की सुपुत्री तथा विवेक जेम्स की धर्मपत्नी हैं। वे वर्तमान में शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय बिलासपुर में वाणिज्य विभाग में सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। वे शुरू से ही प्रतिभाशाली रही हैं।

**पर्यावरण में होगा सुधार** | पेट्रोल की किल्लत ने लोगों का ध्यान ईवी की ओर खींचा

# तेजी से बढ़ रहा क्रेज, जिले में 6 माह में बिक गए 2 हजार 700 ईवी वाहन

**बिलासपुर।** ई20 और ई85 जैसे पेट्रोल आने की सुगबुगाहट के बीच ईवी वाहनों ने लोगों को ध्यान खींचा है। यही कारण है कि महज 6 माह में ही 27 सौ से अधिक ईवी व्हीकल बिक चुके हैं। मौजूदा समय में जिले के आरटीओ कार्यालय में 22 हजार ईवी वाहन रजिस्टर्ड हैं।

लगातार वाहनों के ईंधन आपूर्ति की समस्या और ई 20 व ई 85 जैसे पेट्रोल के संशय के बीच लोगों ने वाहनों में च्वाइस बदल दी है। लोगों का भरोसा तेजी से इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की ओर बढ़ रहा है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जिले में अब तक 21,978 इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री हो चुकी है, कीमत के आधार पर जिले में 537 करोड़ रुपए की बिक्री महज ईवी वाहनों की है। पिछले साल 6,598 इलेक्ट्रिक वाहन बिक्री थी, लेकिन इस साल महज 6 माह में ही 2719 ईवी वाहन बिक चुके हैं।



### प्रदूषण की रोकथाम में कारगर

ईवी की बढ़ती संख्या केवल आर्थिक बचत तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इलेक्ट्रिक वाहन प्रदूषण कम करने में मदद करते हैं और कार्बन उत्सर्जन को घटाने में अहम भूमिका निभाते हैं। शहरों में बढ़ते वायु प्रदूषण के बीच ईवी को स्वच्छ और टिकाऊ वाहन माना जा रहा है। वहीं अच्छे कंपनियों के वाहन लोगों का भरोसा भी जीत रहे हैं।

### आंकड़ों से समझें

जिले में बिके कुल इलेक्ट्रिक वाहनों में दोपहिया वाहनों की हिस्सेदारी सबसे अधिक है। अब तक 11,937 इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन खरीदे जा चुके हैं। वहीं 1,003 इलेक्ट्रिक चारपहिया वाहन भी सड़कों पर दौड़ रहे हैं। इसके अलावा बड़ी संख्या में ई-रिक्शा और अन्य व्यावसायिक इलेक्ट्रिक वाहन भी शामिल हैं। आंकड़ों के अनुसार 6 माह में 78 वाहन ई रिक्शा के है, वहीं हार्वेस्टर ईवी में 5 वाहन बिक चुके है।बाइक के तौर पर 14009 ईवी खरीदी गई है। जिसमें 1300 पूरी तरह से ईवी है। वहीं 3643 कारें ईवी इंजन से चलने वाली है, इसमें भी 234 पूरी तरह से ईवी ही है। खास बात यह है कि 68 ईवी बसें भी सड़क पर दौड़ रही है। इसी तरह से अन्य ईवी वाहन जिले की सड़कों पर दिखाई दे रही है।

### सब्सिडी ने खींचा ध्यान

केंद्र और राज्य सरकार द्वारा इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। चार्जिंग इंफास्ट्रक्चर का विस्तार, करों में रियायत और जागरूकता कार्यक्रमों का भी सकारात्मक असर देखने को मिल रहा है। पिछले कुछ सालों में ईवी वाहनों की खरीदी में 10 से 35 फीसदी की सब्सिडी दी जा रही है। जिसके चलते लोगों ने ईवी को अपने जीवन का हिस्सा बना लिया है।

### तेजी से बढ़ रही संख्या

ईवी वाहन पेट्रोलियम से चलने वाले वाहनों का विकल्प है। इस दौर में ईवी वाहन सड़कों पर देखी जा रही है। पिछले 6 माह के आंकड़े थोड़े चौकाने वाले हैं, जिससे पता चल रहा है कि ईवी वाहनों के भी आरटीओ में रजिस्ट्रेशन हो रहे हैं, इसकी तादात भी अन्य वाहनों के अनुपात में पहले की तुलना में बढ़ चुके हैं।

**-असीम माथुर**, आरटीओ, परिवहन विभाग

बढ़ेगी गाड़ियों और स्टाफ की भी संख्या

# शिवतराई की तरह केंवची में भी सैलानियों का होगा प्रवेश द्वार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अचानकमार टाइगर रिजर्व में अब सैलानी शिवतराई बैगा रिसार्ट की तरह केंवची की ओर से भी कोर जोन आकर भ्रमण कर सकेंगे, जिसके लिए एक नया गेट बनाने का काम किया जा रहा है। वहीं सैलानियों को भ्रमण कराने और उन्हें वन्यप्राणियों व जंगल की जानकारी देने के लिए गाड़ियों के अलावा स्टाफ की भी संख्या बढ़ाने का भी निर्णय लिया गया है, जिसे चार माह बाद एटीआर में शुरु कर दिया जाएगा।

अचानकमार टाइगर रिजर्व के कोर जोन में प्रवेश करने के लिए सैलानियों को पहले शिवतराई के बेरियर में रूकने के बाद अपनी गाड़ियों को छोड़कर जिप्सी में भ्रमण करने की अनुमति है, लेकिन लोरमी के रास्ते से जाकड़बांधा होते हुए कोर जोन के सुरही रेंज में प्रवेश के लिए बेरियर होने के बाद भी कुछ लोग बैरियर गार्ड की लापरवाही के कारण अंदर प्रवेश कर रहे थे। एटीआर प्रबंधन ने अब कड़ा नियम बना दिया है। इस नियम के तहत अब एटीआर के कोर और बफर जोन में लोग बिना अपनी जांच कराए अंदर प्रवेश नहीं कर सकेंगे। वहीं सभी बेरियरों पर सीसी कैमरे लगाए गए हैं, जाकड़बांधा और सुरही रेंज में सीसी कैमरे भी लगाए गए हैं। वहीं शिवतराई की तरह एक गेट केंवची की ओर भी बनाया जा रहा है, जिसका कार्य वर्तमान में 90 फीसदी से अधिक हो गया है।




### थम गए एटीआर के जिप्सी के पहिए

बारिश का मौसम आने के साथ ही अचानकमार टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने शिवतराई बैगा रिसार्ट के गेट को बंद कर दिया है। इसके साथ ही अक्टूबर माह यानि चार माह तक जिप्सी और अन्य गाड़ियों के पहिए भी रूक गए हैं, जिसकी वजह से अब सैलानियों को बिना भ्रमण के ही वापस लौटना पड़ रहा है।

### शुरु हुए एंटी स्नेयर वॉक के कार्य

प्रतिवर्ष बारिश के मौसम में चार माह तक जंगल के गेट को बंद करने के साथ ही एंटी स्नेयर वॉक के कार्य किए जाते हैं। इसमें विभाग की ओर से वन्यप्राणियों के अवैध शिकार को रोकने के लिए चलाया जाने वाला एक विशेष गश्ती फंदा हटाओ अभियान है। इसके तहत वन कर्मचारी, सुरक्षा श्रमिक और ग्रामीण जंगल में पैदल चलकर शिकारियों की ओर से लगाए गए फंदे, तार और जाल को खोजबीन कर नष्ट करते हैं। अभियान के माध्यम से ग्रामीणों को भी जागरूक किया जा रहा है और फंदे व संदिग्ध गतिविधियों की सुरक्षा तत्काल वन विभाग को देने के लिए प्रेरित करने का काम विभागीय टीम कर रही है।

### बढ़ेगी गाड़ियां और स्टाफ की संख्या

शिवतराई की तरह केंवची की ओर से भी एक नया गेट बनाया जा रहा है। इसमें सैलानियों के लिए गाड़ियों कें साथ स्टाफ की संख्या भी बढ़ाई जाएगी, जिसके लिए प्रस्ताव भेजा गया है। वहीं एंटी स्नेयर वॉक यानि शिकारियों की ओर से फंदा व करंट के लिए बिछाए गए तार की खोजबीन का कार्य भी शुरु कर दिया गया है। इस सत्र से यानि गेट ओपन होने के साथ ही सैलानियों को भी सुविधा मिलने लगेगी।

**-अभिनव कुमार**, प्रभारी डिप्टी डायरेक्टर, एटीआर



# कुर्ती फुर्ती- फैशन का सबसे पसंदीदा उत्सव

**बिजनेस प्लस**

**बिलासपुर।** शैल वस्त्रालय में आयोजित कुर्ती फुर्ती ग्राहकों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। आकर्षक डिजाइनों, उत्कृष्ट गुणवत्ता और विविध विकल्पों के कारण यह आयोजन महिलाओं एवं फैशन प्रेमियों की पहली पसंद बनता जा रहा है। इस विशेष अवसर पर कॉटन, कोसा, सिल्क, रेयॉन, लिनन, प्रिंटेड, हैंडवर्क एवं एम्ब्रॉयडरी कलेक्शन के साथ-साथ कुर्तियाँ, कॉर्ड सेट, अनारकली सेट, ए-लाइन सेट, सूट पीस तथा विभिन्न अवसरों के लिए उपयुक्त नवीनतम डिजाइनों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध है। पारंपरिक सौंदर्य और आधुनिक फैशन का सुंदर समन्वय ग्राहकों को अपनी पसंद के अनुरूप अनेक विकल्प प्रदान कर रहा है। आज की महिला केवल परिधान नहीं चुनती, बल्कि अपनी पहचान, आत्मविश्वास और शैली को भी अभिव्यक्त करती है। इसी विचार को ध्यान में रखते हुए शैल वस्त्रालय ने ऐसा संग्रह प्रस्तुत किया है जो हर आयु वर्ग, हर अवसर और हर पसंद को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। "कुर्ती फुर्ती" केवल खरीदारी का अवसर नहीं, बल्कि फैशन, गुणवत्ता और विविधता का एक विशेष उत्सव है। यही कारण है कि बड़ी संख्या में ग्राहक इस आयोजन का लाभ उठाकर अपनी पसंदीदा शैलियों को अपने वार्डरोब का हिस्सा बना रहे हैं। फैशन की बदलती दुनिया में ग्राहकों की पसंद और अपेक्षाओं के अनुरूप नवीनतम संग्रह उपलब्ध कराना शैल वस्त्रालय की निरंतर प्राथमिकता रही है, और "कुर्ती फुर्ती" उसी प्रतिबद्धता का एक विशेष उदाहरण है।

# इंसानियत, इल्म और अख़लाक का पैगाम दे रही उसकी देन कमेटी की तकरीरें



**बिलासपुर।** मोहर्रम के अवसर पर उसकी देन कमेटी द्वारा आयोजित मजलिस एवं तकरीर कार्यक्रम के दूसरे दिन दिल्ली के मुख्य वक्ता प्रो मौलाना मुख्तार अशरफ ने हज़रत अली (अ.स.) और हज़रत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की शान में इंसानियत, भाईचारे और सामाजिक सेवा का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि अल्लाह तआला के नज़दीक सबसे बेहतरीन अमल लोगों को खाना खिलाना और उनकी सेवा करना है। इनसान की मदद करते समय उसके धर्म, जाति, भाषा या समुदाय को नहीं देखना चाहिए, बल्कि इंसानियत के आधार पर उसकी सहायता करनी चाहिए। रमजानी बाबा हॉल में आयोजित महिलाओं के विशेष कार्यक्रम में अलीमा फाज़िला महशर जहाँ ने महिलाओं की शिक्षा, परवरिश और समाज में उनकी भूमिका पर महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किए। आज महिलाएं विज्ञान, शिक्षा, चिकित्सा और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रही हैं, महशर जहाँ ने कहा कि दीन और दुनियावी शिक्षा का संतुलन ही एक बेहतर समाज की नींव है। इस अवसर पर फरहान बक्स, हसनैन अली, फरहान बक्श जियाउद्दीन प्यारे, इकराम भईया, अदनान अली, शहीद लालखादान, शाहिल शेख, अब्दुल कलीम, मोहम्मद अली, अब्दुल रज्जाक बड़े, इंसान अली बब्बू, आदिल, असद, अब्दुल रशीद, रिजवान शानू, ज़ैद, वसीम बक्स, हाजी कादिर, हाजी निशार, हाजी जफर, खालिद (सिटी मैन टेलर), प्यारू, अबरार, आरिफ बेग, शेख निजामुद्दीन, मिर्जा वसीम बेग, शाहिद सहित कमेटी के पदाधिकारी, सदस्य मौजूद थे। यह जानकारी कमेटी के संयोजक शेख नजीरुद्दीन छोटे ने दी।

### शुक्ला को बर्जेस स्कूल के प्राचार्य पद का अतिरिक्त प्रभार

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ डायोसिस बोर्ड ऑफ एजुकेशन की प्रबंध समिति द्वारा आज एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णय लेते हुए संगम शुक्ला प्राचार्य,बर्जेस हिन्दी माध्यम विद्यालय बिलासपुर को बर्जेस इंग्लिश मीडियम स्कूल बिलासपुर के प्राचार्य पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है।

प्रबंध समिति ने यह निर्णय विद्यालय के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से लिया है। समिति का मानना है कि श्री शुक्ला के व्यापक अनुभव, कुशल नेतृत्व एवं शिक्षा के प्रति समर्पण से विद्यालय को नई दिशा और प्राप्त होगी। प्रबंध समिति ने विश्वास व्यक्त किया है कि उनके मार्गदर्शन में विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन, नैतिक मूल्यों एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को और अधिक बल मिलेगा। साथ ही विद्यालय निरंतर प्रगति एवं उत्कृष्टता के नए आयाम स्थापित करेगा। इस अवसर पर सीडीबीई प्रबंध समिति ने संगम शुक्ला को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# शांतिनिकेतन स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

**एजुकेशन प्लस**

**बिलासपुर।** शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल में कक्षा नर्सरी से 12वी तक संचालित। प्राचार्य ने बताया कि कक्षा 5, 8,10,12बी बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, इसमें कक्षा 5वी - आयुष कमल 94.5% प्रथम प्रथम दास मानिकपुरी 82% द्वितीय, आराध्य गोरे 80.5% तृतीय एवं आदित्य केंवट, अवन्या कश्यप, अनुराग लदेर दुर्गेश साहू, मनकीरत कौर, साहेब सिंह भाटिया, तनिष्क जैन, मोहलक्ष्मी समुद्रे ने भी अच्छा प्रर्दशन किया है। कक्षा 8वीं- कु, अन्या तिवारी 88.5% प्रथम, सुहाना केशरवानी 86.17% द्वितीय, रूद्र प्रकाया शास्त्री 75.5% तृतीय एवं अनीश सिंह सतरी, भावनी प्रजापति, दिव्या हरियाणी प्राची मानिकपुरी, ऋषिका श्रीवास,रितीका गोली, सृष्टि पाली, शिक्षा कश्यप, विशाल केवट ने भी अच्छा प्रर्दशन किया है कक्षा 10वीं (हिन्दी माध्यम) निहारिका यादव 70.5% प्रथम, रिया यादव 68.3% द्वितीय, आरजू 56.6% तृतीय। कक्षा 10वीं (अंग्रेजी माध्यम) विशाल साहू 76.16% प्रथम, पलक मानिकपुरी 71.83% द्वितीय, निधि केवट 70.16% तृतीय रही। कक्षा 12वीं (हिन्दी माध्यम) आरती मैहर 75.4% प्रथम, गौरव यादव 68% द्वितीय, सिया 64.4% तृतीय रही। कक्षा 12वीं (अंग्रेजी माध्यम) निशिता पटेल 85.6% प्रथम, प्रद्युम्न कुबंज 82.8% द्वितीय, सुमित पाटनवार 80.4% तृतीय एवं ध्रुव पटेल,







डिशिका खुटे, कु, हर्षित अग्रवाल, किशोर निर्मलकर, मानसी चन्द्रा, मान्या दुबे, शौर्य दीक्षित, शिवेन्द्र शुक्ला, सिद्धि यादव, उज्जव अग्रवाल, अहाना पटेल, अंजली पटेल, अवनी साहू, भीमा बर्मन, हितांशु यादव, ज्योत्सना केवट, लीली कश्यप, मानसी विश्वकर्मा, मुस्कान खंडे, निशा राकेश, परमेश्वर चंन्द्रा, प्रभात गुर्जर, प्रगति राणे, प्रिंस, प्रियांशु, राजीव कुमार धुरी, साई इजरदार, श्रुति टण्डन, उन्नति साहू, शिमालया कश्यप, वैष्णवी गुप्ता, आर्षप्रीत कौर भाटिया, जागृति राठोर, शरण छाबडा, शुभम कश्यप, जीत यादव, आर्दश कुमार तवंर, माही वस्त्रकार ने भी अच्छा प्रर्दशन किया है। संस्था के डायरेक्टर ने बताया कि हमारे यहां छात्रों की सुविधा के लिए अलग अलग पाठ्यक्रम चलाए जाते हैं जिसका हमें अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है।

# मानव सेवा केंन्द्र में हर दिन एक हजार जरूरतमंद पा रहे निःशुल्क भोजन

**बिलासपुर।** देश में आज भी ना जाने कितने लोग भूखे पेट सोने को मजबूर हैं, लेकिन न्यायधानी बिलासपुर में सेवा की एक ऐसी मिसाल कायम है जो बीते 6 वर्षो से लगातार सैकड़ों जरूरतमंदों का संबल बनी हुई है।

■ दानदाताओं के लिए तय किए गए विशेष मेनू स्लैब

बिलासपुर-उसलापुर रोड पर मंगला चौक के समीप संचालित मानव सेवा केंद्र निरंतर सेवा भाव से प्रितिदिन बिना किसी भेदभाव के गरीब और जरूरतमंद राहगीरों को पूरी श्रद्धा के साथ निशुल्क भोजन करा रहा है। सीए आनंद अग्रवाल ने बताया कि शुरूआत में वो लोगों को प्रसाद स्वरूप केवल सुबह का नाश्ता वितरित करते थे। बाद में जब उन्होंने महसूस किया कि शहर में कई लोग भूखे रहकर मजदूरी करते हैं और राहगीर भी भोजन के लिए परेशान होते हैं, तब उन्होंने साथियों के साथ मिलकर यहां नियमित निशुल्क भरपेट भोजन की व्यवस्था शुरू की। इस पुनीत कार्य की शुरूआत साल 2020 में कोविड महामारी के दौर में हुई थी, जो आज 2026 में पूरी निरंतरता और जोश के साथ जारी है। जनसहयोग से चलने वाले इस कार्य का नेतृत्व मुख्य रूप से आनंद कुमार अग्रवाल,सुधीर जैन ,अजय अग्रवाल और दीपक मोदी करते हैं।

### हर दिन बदलता स्वादिष्ट मेनू

इस सेवा की शुरूआत हर दिन गौमाता को भोजन कराकर की जाती है। इसके बाद सुबह 10 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराया जाता है। हर दिन मेनू में बदलाव रहता है। यहां लोग लाइन में लगकर भरपेट भोजन ले सकते हैं। दाल-चावल ,सब्जी और रोटी के साथ यहां मीठा भी परोसा जाता है। हर रोज यहां 700 से हजार लोग सम्मान के साथ बैठकर भोजन ग्रहण करते है।

# सिकल सेल की जांच और नियमित उपचार जरूरी

**हेल्थ प्लस**

**बिलासपुर।** सिकल सेल एनीमिया एक गंभीर वंशानुगत (आनुवंशिक) रक्त विकार है, जो पीढ़ी-दर-पीढ़ी परिवारों में स्थानांतरित होता है।



■ विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस आज

इस बीमारी में लाल रक्त को शि का एं (आरबीसी) अपने सामान्य गोल आकार के स्थान पर हंसिया (Sickle) या अर्धचंद्राकार हो जाती हैं। इन कोशिकाओं के कठोर और असामान्य आकार के कारण वे रक्त वाहिकाओं में फंस जाती हैं, जिससे शरीर के विभिन्न अंगों तक ऑक्सीजन का पर्याप्त प्रवाह नहीं हो पाता। परिणामस्वरूप रोगी को असहनीय दर्द, कमजोरी तथा अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। विशेषज्ञों के अनुसार सिकल सेल एनीमिया के प्रमुख लक्षणों में अत्यधिक थकान, सांस फूलना, बार-बार बुखार या संक्रमण होना, हाथ-पैरों एवं जोड़ों में तेज दर्द तथा शरीर में खून की कमी शामिल हैं। कई बार रोगियों को अचानक होने वाले तीव्र दर्द के दौरे (सिकल सेल क्राइसिस) का सामना करना पड़ता है, जो उनके दैनिक जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकते हैं। इस आनुवंशिक बीमारी के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने तथा समय पर जांच एवं उपचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 19 जून को विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विशेषज्ञ लोगों को सिकल सेल की जांच कराने, विवाह पूर्व परामर्श लेने तथा प्रभावित बच्चों के समय पर उपचार की सलाह देते हैं। बिलासपुर के वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश साहू, जो उदय चिल्ड्रन हॉस्पिटल का संचालन करते हैं, बताते हैं कि सिकल सेल एनीमिया का समय पर निदान और नियमित चिकित्सा देखभाल रोगियों को सामान्य और बेहतर जीवन जीने में मदद कर सकती है। उनका कहना है कि विशेष रूप से, उन क्षेत्रों में, जहां, यह बीमारी अधिक, प्राई, जाती है, जहां सिकल सेल से संबंधित रोग के प्रति लोग जागरूक नहीं होते इसे रोकने के लिए नियमित जांच और उपचार के आवश्यकता होती है। डॉक्टरों से समय पर जांच कराकर इसकी काफी हद तक रोकथाम की जा सकती है, इसके लिए हम सबको आगे आकर इसके प्रति लोगों को जागरूक करना होगा। इसके लिए 19 जून को सिकल सेल दिवस मनाया जा रहा है।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, शनिवार 20 जून 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



## कार्यक्रम

# शहर की आंचल भूटान दूतावास में आयोजित कार्यक्रम में हुई शामिल



**बिलासपुर।** युवा सामाजिक कार्यकर्ता और एनजीओं 'कदम ए स्टेप फॉरवर्ड' की संस्थापक एवं भारतीय जैन संघठना स्मार्ट गर्ल की जोन प्रमुख आंचल जैन को एक उच्च-स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय मंच, प्रतिष्ठित 'चीन-भारत युवा संवाद के सहभागिता के पश्चात आँचल का चयन रॉयल भूटान दूतावास नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में हुआ है। इस अवसर पर उन्हें भूटान के भारत में राजदूत, महामहिम मेजर जनरल वेटसोप नामग्येल के साथ सीधे संवाद करने तथा भारत-भूटान संबंधों, कनेक्टिविटी, सतत विकास, जन कूटनीति एवं युवा सहभागिता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श करने का अवसर प्राप्त हुआ। कदम ए स्टेप फॉरवार्ड की संस्थापिका आंचल जैन ने बताया कि महामहिम मेजर जनरल वेटसोप नामग्येल ने कदम ए स्टेप फॉरवार्ड द्वारा किए जा रहे कार्यों का एक प्रपोजल बनाकर देने के लिए कहा गया। इस विषय पर भूटान एंबेसी मेजर जनरल के साथ आंचल की काफी लंबी चर्चा हुई आंचल ने बताया कि विद्यादान एवं अन्य प्रोजेक्ट जो उनके माध्यम से संचालित है। आंचल जैन उन 20 विशिष्ट प्रतिभागियों में से एक हैं, जिन्हें एक अत्यंत प्रतिस्पर्धी राष्ट्रीय प्रक्रिया के माध्यम से चुना गया है। यह कार्यक्रम नई दिल्ली के 'भूटान दूतावास ' में आयोजित किया गया है। कदम – ए स्टेप फॉरवर्ड' के साथ अपने काम के माध्यम से, आंचल जैन झुग्गी-बस्ती समुदायों के वंचित बच्चों के उत्थान में सक्रिय रूप से जुटी हुई हैं, जो समावेशी विकास और युवा नेतृत्व के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। आंचल ने कहा इस तरह के महत्वपूर्ण संवाद का हिस्सा बनना मेरे लिए गर्व की बात है। एक युवा सामाजिक कार्यकर्ता के तौर पर, मेरा मानना है कि सार्थक बदलाव चाहे वह जमीनी स्तर पर हो या अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संवाद, विश्वास और आपसी समझ से ही शुरू होता है। इस तरह के मंच युवाओं को जटिल वैश्विक चर्चाओं में रचनात्मक रूप से योगदान देने के लिए सशक्त बनाते हैं।

## आयोजन

# 'नवचेतना' केवल पत्रिका नहीं बल्कि नई सोच और नवाचार का प्रतीक



**बिलासपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका के प्रथम संस्करण "नवचेतना" का भव्य विमोचन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका "नवचेतना" के प्रथम अंक का विमोचन कुलपति के द्वारा किया गया। पत्रिका का उद्देश्य विद्यार्थियों की सृजनात्मकता, लेखन कौशल और वैचारिक अभिव्यक्ति को मंच प्रदान करना है। उक्त कार्यक्रम कुलपति ललित प्रकाश पटैरिया, प्राचार्य डॉ यूके श्रीवास्तव उपस्थिति में हुई। इस अवसर पर प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि "नवचेतना" केवल पत्रिका नहीं बल्कि विद्यार्थियों की नई सोच और नवाचार का प्रतीक है। यह अंक विद्यार्थियों के लेख, कविताएं, चित्र, उपलब्धियां और शैक्षणिक गतिविधियों का संग्रह है। कुलपति ने संपादक मंडल एवं विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसी पत्रिकाएं विद्यार्थियों में पढ़ने-लिखने की प्रवृत्ति विकसित करती हैं और ज्ञान ही अनमोल धन है। संपादक मंडल के सदस्यों ने बताया कि नवचेतना के प्रथम संस्करण में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की रचनाओं को प्रमुखता दी गई है। पत्रिका महाविद्यालय की वार्षिक उपलब्धियों और सांस्कृतिक-साहित्यिक गतिविधियों का दर्पण है। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ प्राध्यापक द्वारा उच्च शिक्षा विभाग, महाविद्यालय प्रबंधन एवं समस्त सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। महाविद्यालय परिवार ने "नवचेतना" के सफल प्रकाशन पर हर्ष व्यक्त किया और भविष्य में इसे और अधिक समृद्ध बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ प्रेमलता वर्मा, महाविद्यालय पत्रिका के संपादक मंडल डॉ आर के सचदेव, प्रो बी के त्रिपाठी, प्रो प्रकाश त्रिपाठी, डॉ अविनाश सिंह ठाकुर, सिद्धांत शर्मा, मिनाक्षी निर्मलकर उपस्थित रहे।

## आयोजन

# बहतराई स्टेडियम में योग दिवस पर कार्यक्रम कल



**बिलासपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को सुबह 6.45 बजे से 7.45 बजे तक स्वर्गीय बी.आर. यादव स्मृति राज्य प्रशिक्षण खेल परिसर, बहतराई में जिला प्रशासन द्वारा सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि विधायक अमर अग्रवाल, विधायक बिल्हा धरमलाल कौशिक, विधायक तखतपुर धर्मजीत सिंह, विधायक बेलतरा श्री सुशांत शुक्ला, विधायक कोटा अटल श्रीवास्तव, विधायक मस्तूरी दिलीप लहरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, महापौर पूजा विधानी, क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष राजा पाण्डेय तथा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बिलासपुर के अध्यक्ष रजनीश सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

## जागरूकता

# अरपा अर्पण महाअभियान का पौधरोपण कल, पांच सौ पौधे रोपेंगे



**बिलासपुर।** अरपा अर्पण महाअभियान जन आंदोलन द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस 21 जून को पौधारोपण महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। सुबह सात बजे से 500 नग पौधे बिलासा ताल के सामने नये कमिश्नर कार्यालय के पीछे माँ अरपा के तट पर स्थित शहीद वाटिका में रोपे जाएँगे। प्रतिवर्ष महाअभियान द्वारा पौधारोपण महायज्ञ का आयोजन किया जाता है, जिसमें बिलासपुर ही नहीं बल्कि आस-पास जिले के लोग भी शामिल होते हैं और माँ अरपा के तट पर पौधे लगाते हैं। अरपा अर्पण महाअभियान समिति द्वारा सिर्फ पौधारोपण नहीं किया जाता है बल्कि वर्ष भर पौधों का देखभाल और संरक्षण भी किया जाता है। विगत दस वर्षों में सर्वेश्वरी आश्रम कोनी से माँ अरपा के पर तथा शहर के भीतर सड़कों के किनारे व डिवाइडर पर आईटीआई गेट से लेगकर बिलासाताल,लोधी पारा,महामाया चौक, सुभाष चौक से रामसेतु चौक व सिम्स के पिछे रिव्हर व्यू रोड व माँ अरपा के तटों पर लगभग तीस हजार पौधे रोपे जा चुके हैं। अरपा अर्पण महाअभियान द्वारा इस वर्ष प्रथम चरण मे अर्जुन के 200 पौधे, नीम के 150 पौधे और करंज के 150 पौधे रोपे जायेगे।

## नीट की परीक्षा कल शहर के 19 केन्द्रों में होगी

# री-नीट की परीक्षा में छात्रों का तनाव दूर करने डॉक्टर कर रहे काउंसिलिंग



मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के लिए देश की सबसे बड़ी परीक्षा नीट यूजी 21 जून को आयोजित की जा रही है, हालही 3 मई को आयोजित परीक्षा पेपर लीक होने से रद्द कर दी गई थी। जिस वजह से रविवार को पुनः शहर के 19 केन्द्रों में परीक्षा होगी। दोबारा इस परीक्षा होने से छात्रों में तनाव तो है ही और मन में कई सवाल भी इसे दूर करने प्रशासन ने 24×7 हेल्पलाइन नंबर जारी किए है,जिसमें मनोचिकीत्सक डॉक्टर इस हेल्पलाइन में मौजूद रहेंगे। सिम्स मनोरोग विभाग के डॉक्टर मोबाइल नंबर 9425502353 में आगामी दो सप्ताह तक हेल्पलाइन नंबर के रूप में उपलब्ध रहेंगे। इस नंबर पर संपर्क कर विद्यार्थी परीक्षा परिणाम, मेडिकल प्रवेश, काउंसिलिंग प्रक्रिया, भविष्य की संभावनाओं और मानसिक तनाव से जुड़े विषयों पर विशेषज्ञ चिकित्सकों से मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स मनोरोग विभाग के एचओडी डॉ एस के नायक ने बताया कि मनोरोग विभाग के चिकित्सक विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन, आत्मविश्वास बढ़ाने तथा सकारात्मक सोच विकसित करने के संबंध में भी सलाह देंगे। संस्थान ने अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों से आवश्यकता पड़ने पर हेल्पलाइन का लाभ लेने की अपील की है। इन्होंने बताया कि बच्चों में परीक्षा शब्द से ही तनाव आ जाता है,ऐसी परीक्षा जो दोबारा देनी पड़ रही है। इससे तो बच्चों में मानसिक तनाव रहेगा ही इसे दूर करने अभिभावकों के साथ प्रशासन भी प्रयास कर रहा है।

### रहें कूल और पैरेंटस साथ ना छोड़ें



चाईल्ड स्पेशलिस्ट डॉ अशोक अग्रवाल ने बताया कि री-नीट परीक्षा में पैरेंटस बच्चों का विशेष ध्यान दे, इस समय अभिभावक बच्चों के साथ हर समय रहें। बच्चों को संतुलित आहार,नींद व पॉजिटीव माहौल देने का प्रयास करें। इनसे किसी भी तरह का निगेटीव बात ना करें, इन्होंने कहा कि बच्चे भी अब कूल माइंड से रहे जितनी भी पढ़ाई हो गई है अब पर्याप्त है। परीक्षा में टाईम मैनेजमेंट का ध्यान रखें ।

### 15 मिनट बढ़ाएगा अंक

छात्रों को रिनीट की परीक्षा में इस बार 15 मिनट अतिरिक्त दिया जा रहा है,यह पन्द्रह मिनट मिलने से छात्रों को पेपर हल करने में अधिक समय मिलेगा। यह समय मिलने से छात्रों को लाभ होगा जिससे उनका अंक भी बढ़ेगा। परीक्षार्थियों को परीक्षा दिवस पर 11बजे से दोपहर 1:30 बजे तक ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति होगी। इसके बाद किसी भी परिस्थिति में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को अपने साथ प्रवेश पत्र, फोटोयुक्त पहचान पत्र, निर्धारित पासपोर्ट एवं पोस्टकार्ड आकार के फोटो तथा पारदर्शी पानी की बोतल लाना अनिवार्य होगा।





### परीक्षा केन्द्रों का लिया जायजा

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित नीट यूजी पुनः परीक्षा के सफल एवं सुचारू संचालन के लिए जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। परीक्षा 21 जून को दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक जिले के 19 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा में कुल 7 हजार 896 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने परीक्षा की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र प्रभारियों को परीक्षा के निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश प्रक्रिया, पेयजल, विद्युत, बैठक व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की समीक्षा की गई।

### री-स्टार्ट करने में समय लगा

अचार्या कोचिंग के डायरेक्टर संदीप द्विवेदी ने बताया कि छात्रों को री-नीट परीक्षा की प्रीप्रेशन स्टार्ट करने में समय लगा बच्चों को दोबारा परीक्षा होगी यह सुनकर ही तनाव था। किसी तरह अभिभावकों ने बच्चों को मानसिक तौर में तैयार किया इसके बाद अब बच्चे अब एग्जाम मोड में तैयार है।

### छात्रों में खुशी और चिंता भी

नीट परीक्षा की तैयारी सभी छात्रों ने कड़ी मेहनत करके दी थी जिन छात्रों का पेपर बहुत अच्छा बना था,वे बहुत खुश थे की अच्छा अंक मिलेगा जिससे सरकारी कॉलेज मिल जाएगा, मगर दोबारा परीक्षा से वे बेहद निराश है। इसी तरह जिन छात्रों का पेपर बिगड़ा था वे एक और मौका मिल रहा है, तैयारी कर अच्छा नंबर लाएंगे तो वे खुश है।

### धैर्य और आत्मविश्वास रखें

डॉ होतचंदानी के कहा कि परीक्षार्थी ऐसे समय में धैर्य रखें और अपना आत्मविश्वास को कमजोर होने ना दें। डॉ ने कहा कि इस समय खान-पान,नींद का भी खासा ध्यान रखें। इन्होंने कहा कि बच्चे कर्तव्य करें फल की चिंता ना करे। कड़ी मेहनत और सकारात्मक सोच को हमेशा अपनी स्ट्रेंथ बनाएं।

# ज्येष्ठ नागरिक संघ की कार्यकारिणी को कलेक्टर ने शपथ दिलाई



**बिलासपुर।** गुरुवार को अनुभव भवन में ज्येष्ठ नागरिक संघ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अभ्यागत कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह रहे। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन अध्यक्ष अरविन्द दीक्षित ने दिया एवं मांग पत्र सौंपा,नवीन कार्यकारिणी में अध्यक्ष अरविन्द दीक्षित

उपाध्यक्ष अनिल दीवान,सचिव देवेन्द्र कुमार शर्मा, सह सचिव बालगोविन्द अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रभात मिश्रा के साथ साथ कार्यकारिणी सदस्य प्रेमलता राजपूत, नित्यानंद,सुरेन्द्र शर्मा, अनिता दीवान, जयश्री शुक्ला, सुरेश शर्मा, सतीश पान्डेय, व्हाय डी दीवान,मीना शर्मा एवं सीता गुप्ता को शपथ दिलाई गई। चुनाव अधिकारी डॉ प्रदीप शुक्ला प्रकाश भांडक्कर एवं एस एन वाजपेयी का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि अनुभव भवन अपने नाम को सार्थक करता है,क्योंकि यहाँ जो वरिष्ठ जन है वे अपने आप में अनुभव की खान है। समाज को इनके अनुभव का लाभ लेना चाहिए। वरिष्ठ जनों को उन्होंने कहा कि जो युवा पीढी आज दिग्भ्रमित हो रही है उनसे भी बात चीत कर संस्कार एवं जीवन मूल्यों के विषय पर बताना चाहिए। उन्होने यह भी बताया कि शासन की पहल से बिलासपुर में 22 करोड़ की लागत से एक ओल्ड एज होम बनाया जा रहा है जहाँ वरिष्ठ जनो को रहने व खाने का इंतजाम भी किया जाएगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने वरिष्ठ जनो को हिदायत दी कि अभी के समय में साइबर क्राइम - फ्राड से बचे व सावधानी रखें बुजुर्गो को वान प्रस्थ आश्रम ग्रहण करने वाली बात अब नहीं रही वे तो अब आनन्दमय जीवन व्यतीत करना चाह रहे है उनके द्वारा मेरी झोपड़ी में राम आयेंगे राम आयेंगे तो अंगना सजाऊंगी भजन गाकर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। संस्था के फाउन्डर मेम्बर बंशी लाल गौरहा का शाल श्रीफल से स्वागत किया गया ।

शपथ ग्रहण कार्यक्रम में डॉ आर ए शर्मा, चन्द्र प्रकाश बाजपेयी, के के शर्मा, शशि प्रकाश मिश्रा,रमेश सोनी, महेश श्रीवास, राजेश सोनार, मोहन देवपुजारी, राजेन्द्र अग्रवाल, शंकर लाल मौजूद रहें।

# सिम्स में आधुनिक मशीन से होगी सिकल सेल मरीजों की जांच



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान में शुक्रवार को 'विश्व सिकल सेल दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष चिकित्सा एवं जागरूकता कार्यक्रम का गरिमापूर्ण आयोजन बायोकेमिस्ट्री विभाग द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सिकल सेल जैसी गंभीर आनुवंशिक बीमारी के प्रति समाज में जागरूकता फैलाना और इसके त्वरित व सटीक वैज्ञानिक निदान पर चर्चा करना था।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित सिम्स के डीन डॉ रमणेश मूर्ति ने बायोकेमिस्ट्री विभाग के इस प्रयास की सराहना की और अपने संबोधन में सिकल सेल के उन्मूलन पर विशेष जोर दिया सिम्स अधिष्ठाता डॉ रमणेश मूर्ति ने एक बड़ी घोषणा की कि बहुत जल्द सिम्स में सिकल सेल की जांच को और अधिक उन्नत व वैज्ञानिक स्तर पर ले जाने के लिए एचपीएलसी मशीन के माध्यम से टेस्टिंग शुरू की जाएगी। इस अत्याधुनिक मशीन के आने से मरीजों को बेहद कम समय में अत्यंत सटीक और प्रामाणिक रिपोर्ट मिल सकेगी, जिससे सही इलाज तुरंत शुरू करने में बड़ी मदद मिलेगी। चिकित्सा अधीक्षक डॉ लखन सिंह ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अस्पताल प्रबंधन सिकल सेल से पीड़ित मरीजों को हर संभव बेहतर और त्वरित चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि मरीजों को दवाइयों और परामर्श के लिए अस्पताल में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। अधीक्षक डॉक्टर लखन सिंह ने बायोकेमिस्ट्री विभाग और जूनियर डॉक्टरों की टीम को इस सफल आयोजन व निरंतर उत्कृष्ट सेवाओं के लिए बधाई दी। डॉ. मनीष साहू ने यह बताया कि उनके विभाग में विगत एक वर्ष में कुल 19 हजार 706 सिकल सेल से रिलेटेड टेस्ट किए जा चुके हैं, जिसमें 3 हजार 441 मरीज पॉजिटिव पाए गए। यह लगभग 20 प्रतिशत है। उनके पास डेली हर दिन 80 से 90 मरीज आते हैं, जिनमें से 40 से 50 लोगों का हर दिन टेस्ट होता है एवं 40 से 50 लोगों को मेडिसिन दिया जाता है।

# नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित ओपन टेबिल टेनिस स्पर्धा में 90 खिलाड़ियों ने भाग लिया

स्पोर्टर्स न्यूज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर





ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट के द्वारा ओपन टेबिल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य शहर के टेबिल टेनिस खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन मंच प्रदान करना एवं खिलाड़ियों के मध्य प्रतिस्पर्धा विकसित करना था। खिलाड़ियों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने अवसर मिला, चार वर्गो मे बांटा गया था।

जिसमें खेल आरंभ करने वाले नौनिहालों वर्ग इसके अलावा जुनियर खिलाड़ियों कैडेट वर्ग,सीनियर वर्ग एवं मास्टर वर्ग की प्रतिस्पर्धा आयोजित हुई। लॉटरी के माध्यम से निकले गये ड्रॉ के आधार पर मैचेस खेले गये प्रतियोगिता में 90 टेबिल टेनिस खिलाड़ियों ने भाग लिया होप्स वर्ग में खिलाड़ियों के मध्य एकल मुकाबले खेले गये इस वर्ग के विजेता अदवित यादव रहें। जबकि रेयांश को दूसरे स्थान से ही संतोष करना पड़ा,तीसरे स्थान पर साकेत ए रहे कैडेट वर्ग में मुकाबले यूगल आधार से खेले गये इन मुकाबलों में मेघना एवं कौशीका शर्मा की जोड़ी ने उत्कृष्ठ खेल का प्रदर्शन करते हुए कस्तूरी एवं सायन मोइत्रा की जोड़ी को पराजित करते हुए विजेता बनने का गौरव हासिल किया। कस्तूरी एवं सायन को उपविजेता की ट्रॉफी से ही संतोष करना पड़ा जबकि इस वर्ग के तीसरे स्थान पर आदित्य एवं ऋषि की जोड़ी रही सीनियर वर्ग मे मुकाबला बहुत ही संघर्ष पूर्ण एवं रोमांच से भरपूर रहा और इस वर्ग में सबसे ज्यादा उलटफेर देखने को मिला सीनियर वर्ग का प्रतिष्ठापूर्ण फाइनल मुकाबला ऋषिकेश पुरोहित एवं पराग गांगुली की जोड़ी एवं रविशंकर एवं मो शाहजान की जोड़ी के मध्य खेला गया। इस मुकाबले में ऋषिकेश एवं पराग की जोड़ी के द्वारा मैच में अपनी पकड़ बनाते हुए फाइनल मुकाबला जीत लिया, रविशंकर एवं शाहजान को उपविजेता से संतोष करना पड़ा जबकि तीसरे स्थान पर रेयांश एवं सुमित की जोड़ी रही।

# इंटरनेशनल ताइक्वांडो में शहर के राजवीर ने जीता गोल्ड



फर्स्ट इंटरनेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप नेपाल में संपन्न हुआ। इस इंटरनेशनल चैंपियनशिप में भाग लेते हुए जूनियर बालक वर्ग से शहर के राजवीर शर्मा ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बांग्लादेश और नेपाल के खिलाड़ियों को हराकर इंटरनेशनल गोल्ड मेडल अपने नाम किया है। इस उपलब्धि के साथ ही राजवीर शर्मा ने सबसे कम उम्र में इंटरनेशनल गोल्ड मेडल जीतने का रिकॉर्ड बनाया है।, इस सफलता पर परिवार जनों खुशी जाहिर की है। बता दें कि पिछले वर्ष सितंबर माह में आयोजित स्टेट लेवल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में भी राजवीर शर्मा ने गोल्ड मेडल जीता था और दिसंबर माह में ओपन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप छत्तीसगढ़ 2025 में भी राजवीर शर्मा ने गोल्ड मेडल अपने नाम किया था। इस तरह स्टेट में गोल्ड, नेशनल में गोल्ड और अब इंटरनेशनल में भी गोल्ड मेडल जीतकर कम उम्र में इंटरनेशनल गोल्ड मेडलिस्ट खिलाड़ी बन कर इतिहास रच दिया है।

# बेसबॉल प्रीमियर लीग का सेमीफाइनल आज



छत्तीसगढ़ स्कूल बेसबॉल ग्राउंड में आयोजित बिलासपुर बेसबॉल प्रीमियर लीग का तीसरा दिन का पहला मैच मौसाजी जॉइंट्स और और लक्ष्मी स्पोर्ट्स फाइटर के बीच खेला गया जिसमें लक्ष्मी स्पोर्ट्स फाइटर के खिलाड़ियों ने खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अपने टीम के लिए तीन रन बनाएं और मौसी जी जॉइंट्स के खिलाड़ियों ने पहले इनिंग में दो रन बना पाए। मैच के दूसरे इनिंग में मौसाजी जॉइंट्स के खिलाड़ियों में बहुत ही अच्छी फील्डिंग का नजारा देखने को मिला जिसके चलते अपनी टीम के लिए एक रन और बना पाए और वही लक्ष्मी स्पोर्ट्स मैच के अंतिम तीसरी इनिंग में अपने टीम के लिए एक रन बनाने में सफल रहे हैं और पुरी टीम ने इस मैच को जितने के लिए अपना दम लगा दिया और मौसीजी जायंट्स ने भी काफी अच्छे मैच का प्रदर्शन दिखाया। जहां लक्ष्मी स्पोर्ट्स फाइटर की टीम ने मैच को मौसाजी जॉइंट से 4-3 के स्कोर से जीत लिया। तीसरे दिन अंतिम मैच लक्ष्मी स्पोर्ट्स फाइटर और फाउंडेशन वारियर के बीच खेला गया फाउंडेशन वारियर की टीम ने पहले इनिंग में बहुत ही शानदार खेल का प्रदर्शन किया, फाउंडेशन वारियर ने मैच के अंतिम इनिंग में मिस फील्डिंग की जिसका खामियाजा लक्ष्मी स्पोर्ट्स फाइटर को मिला और लक्ष्मी स्पोर्ट्स फाइटर टीम मैच को 1- 1 के स्कोर से से ड्रा रहा। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ बेसबॉल संघ के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ खेल प्रेमियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। यह प्रतियोगिता हर वर्ष आयोजित किया जाता है जिसकी वजह से खिलाड़ियों को अपने कौशल विकास हीटिंग कैचिंग एवं गेम के अन्य स्किल की बारीकियां भी खे रही है साथ ही खेल प्रेमी देव रुद्राकार योगेश पांडे उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### टाउन फीडर से प्रभावित क्षेत्र में बंद रहेगी बिजली

**तखतपुर**। मेंटेनेस कार्य को लेकर विद्युत विभाग की ओर से 20 जून को प्रातः 7 से 11 बजे तक टाउन फीडर से प्रभावित क्षेत्र मंडी चौक, टिकरीपारा, आजाद नगर, सुभाष नगर, शरण नगर, बेलपान रोड, बीएसएनएल टावर के पास का क्षेत्र, तहसील चौक, जनपद क्षेत्र, वार्ड नं 1, 2, बंगला पारा की लाइट बंद रहेगी।

### कांग्रेस 22 को करेगी बिजली दफ्तर का घेराव

**तखतपुर**। बढ़ते हुए बिजली बिल, अघोषित बिजली कटौती को लेकर ब्लाक कांग्रेस कमेटी की ओर से 22 जून को प्रातः 11 बजे बिजली आफिस बरेला का घेराव किया जाएगा। यह जानकारी नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शैलेंद्र निर्मलकर ने दी।

### सात सूत्रीय मांगों को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन 22 को

**मस्तूरी**। विधानसभा क्षेत्र में बिजली, सड़क, पानी, खाद-बीज, शिक्षा-स्वास्थ्य तथा बढ़ती महंगाई जैसी सात सूत्रीय जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्टी ने भाजपा सरकार के खिलाफ आंदोलन का ऐलान किया है। विधायक दिलीप लहरिया एवं सीपत व मस्तूरी ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र धीवर, भोलाराम साहू के नेतृत्व में 22 जून को जोंधरा चौक मस्तूरी एवं 24 जून को बस स्टैंड पचपेड़ी व 26 जून को नवाडीह चौक सीपत में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। धरना के पश्चात बिजली आफिस का घेराव कर जनसमस्याओं के समाधान की मांग की जाएगी।

### योजना के तहत मंगाए गए ऑनलाइन आवेदन

**मुंगेली**। छत्तीसगढ़ शासन के श्रम विभाग द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना के अंतर्गत पात्र श्रमिकों के बच्चों को कक्षा 6वीं से 12वीं तक प्रदेश एवं देश के प्रतिष्ठित निजी आवासीय विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी। श्रम विभाग अधिकारी ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 22 जून से प्रारंभ होकर 3 जुलाई तक चलेगी। पात्र अभिभावक श्रम विभाग के ऑनलाइन पोर्टल अथवा चॉइस सेंटरों के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन संबंधी किसी भी प्रकार की सहायता के लिए निकटतम श्रम कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

### मल्हार में सामूहिक योग कार्यक्रम कल

**मल्हार**। बारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को नगर के वार्ड 15 नैया तालाब स्थित मंगल भवन में सामूहिक योग कार्यक्रम होगा। सीएमओ अनुभव सिंह ने बताया कि नगरीय प्रशासन द्वारा भेजे गए प्रोटोकॉल के अनुसार ही योग कार्यक्रम होंगे और इस बार का थीम ₹स्वस्थ आयु के लिए योग₹ होगा, उक्त कार्यक्रम में नगरवासियो को शामिल होने की अपील की है। सीएमओ ने कहा कि नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति स्वस्थ, ऊर्जावान और तनावमुक्त हो सकता है।

### आधार प्रमाणीकरण से होगा खाद्यान्न वितरण

मुंगेली। जिले की सभी शासकीय उचित मूल्य दुकानों में अब राशनकार्ड हितग्राहियों को आधार प्रमाणीकरण (बायोमेट्रिक) के माध्यम से खाद्यान्न वितरण किया जाएगा। शासन द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) को अधिक पारदर्शी, सुगम और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से यह व्यवस्था लागू की गई है।

## निधन

### चंद्रप्रभा तिवारी



**बिलासपुर**। छत्तीसगढ़ लिपिक कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष रोहित तिवारी की माता श्रीमती चंद्र प्रभा तिवारी का 19 जून को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा दोपहर 12 बजे उनके निवास स्थान महामाया विहार वेयर हाउस रोड से निकाली गई। सरकंडा स्थित देवकीनंदन दीक्षित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया।

---

ग्राम पंचायत जैतपुर पर उदासीनता का आरोप

# शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित ग्रामीणों ने कलेक्टर से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार



ग्राम पंचायत जैतपुर के भूमिहीन मजदूर परिवार आज भी शासन की मूलभूत योजनाओं के लाभ से वंचित है। कच्चे मकानों में रहने को मजबूर ग्रामीणों ने कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन देकर प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय निर्माण और भूमिहीन मजदूर योजना का लाभ दिलाने की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि आर्थिक रूप से कमजोर होने के बावजूद उन्हें वर्षों से सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाया है। आवेदन में ग्राम जैतपुर निवासी सुमित्रा केंवट पति किरत राम ने बताया कि वह गरीबी रेखा के अंतर्गत जीवन-यापन कर रही हैं। परिवार के पास रहने के लिए पक्का मकान नहीं है और वह आज भी कच्चे मकान में रहने को मजबूर हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब तक उन्हें आवास स्वीकृत नहीं हुआ है, वहीं ग्राम पंचायत द्वारा भी आवास निर्माण के लिए कोई पहल नहीं की गई। ग्रामीणों ने बताया कि उनके घर में शौचालय की सुविधा भी उपलब्ध नहीं है। शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए शौचालय निर्माण की योजनाएं चलाई जा रही हैं, लेकिन जैतपुर के कई परिवार इन योजनाओं से अब तक दूर हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार पंचायत स्तर पर आवेदन और जानकारी देने के बाद भी उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया गया। भूमिहीन मजदूर परिवारों का कहना है कि उनके पास खेती योग्य जमीन या अन्य संपत्ति नहीं है। वे रोजी-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। शासन की भूमिहीन मजदूर योजना के अंतर्गत लाभ मिलने की उम्मीद थी, लेकिन पंचायत स्तर से उन्हें इसका लाभ भी नहीं मिल सका। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पंचायत और प्रशासनिक स्तर पर उदासीनता के कारण पात्र हितग्राही योजनाओं से वंचित रह गए हैं। उन्होंने कलेक्टर से मांग की है कि ग्राम पंचायत जैतपुर में सर्वे कराकर पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय निर्माण और भूमिहीन मजदूर योजना का लाभ दिलाया जाए।

# पंजीकरण शिविर में 900 से अधिक ने दिए आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली




पंजीकरण शिविर में उपस्थित अतिथि।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन के 12 वर्ष पूर्ण होने पर केंद्र सरकार के जनकल्याणकारी अभियानों को आमजनों तक पहुंचाने और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 18 से 20 जून तक तीन दिवसीय वृहद पंजीकरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिले के तीनों विकासखंड मुख्यालयों में आयोजित शिविर में एक ही छत के नीचे विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर नागरिकों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत सामग्री एवं लाभ वितरित किए गए। इस दौरान 900 से अधिक आमजनों ने योजनाओं का लाभ लेने आवेदन प्रस्तुत किया। सभी प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार प्रभावी निराकरण किया जा रहा है।

जिला मुख्यालय स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल सामुदायिक भवन में आयोजित वृहद पंजीकरण शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए ऐसे शिविरों को महत्वपूर्ण बताते हुए अधिक से अधिक लोगों से इसका लाभ उठाने की अपील की। शिविर में विभिन्न स्व सहायता समूहों की महिलाओं को चेक प्रदान कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजनों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया तथा आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श प्रदान किए गए। विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करते हुए योजनाओं से संबंधित पंजीयन, दस्तावेज सुधार एवं अन्य आवश्यक सेवाएं भी उपलब्ध कराईं। कार्यक्रम में जनपद पंचायत मुंगेली के अध्यक्ष रामकमल सिंह परिहार, जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज, नगर पालिका परिषद के सीएमओ होरीलाल ठाकुर, स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# योग दिवस की तैयारियों में जुटे अफसर



योग दिवस की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक।

**मुंगेली**। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आगामी 21 जून को जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का जिला स्तरीय आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर योग के महत्व पर अपने विचार साझा करेंगे तथा सामूहिक योगाभ्यास में सहभागिता करेंगे। राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में आयोजित होने वाले योग दिवस कार्यक्रमों के लिए मुख्य अतिथियों का नामांकन किया गया है। इसी क्रम में मुंगेली जिले के जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए विधायक पुन्नूलाल मोहले को नामित किया गया है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में बैठक लेकर कार्यक्रम की तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु एसडीएम मुंगेली अजय शतरंज को नोडल अधिकारी तथा उप संचालक समाज कल्याण विभाग को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा कार्यक्रम के लिए बैठक व्यवस्था, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं, साफ-सफाई, सुरक्षा, यातायात एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की व्यापक तैयारी की गई है। विभिन्न विभागों के अधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं ताकि कार्यक्रम का सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित किया जा सके। कार्यक्रम में प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों द्वारा सामान्य योग प्रोटोकॉल के अनुसार विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया जाएगा। योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली, मानसिक संतुलन और सकारात्मक सोच का संदेश दिया जाएगा। साथ ही नागरिकों को दैनिक जीवन में योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

## गनियारी में एक करोड़ की लागत से बनेगा करुणा सदन

**सकरी**। विधायक धर्मजीत सिंह के विशेष प्रयासों से गनियारी स्थित जनस्वास्थ्य केंद्र परिसर में 1 करोड़ रुपये की लागत से करुणा सदन का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) मद से स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।



विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि गनियारी अस्पताल पूरे क्षेत्र के लिए स्वास्थ्य सेवाओं का महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां दूर-दराज से आने वाले मरीजों के परिजनों को रुकने की सुविधा नहीं होने से कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। करुणा सदन बनने से मरीजों के परिजनों को सुरक्षित एवं सुविधाजनक ठहराव की व्यवस्था मिलेगी। हमारी प्राथमिकता है कि स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ-साथ मानवीय आवश्यकताओं का भी ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास एवं जनसुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं तथा भविष्य में भी जनता की आवश्यकताओं के अनुरूप कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। करुणा सदन के निर्माण से गनियारी अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले हजारों मरीजों एवं उनके परिजनों को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

# जीपीएम जिले में औद्योगिक क्षेत्र और भूमि बैंक की मांग तेज

**पेंड्रा**। जिले में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने की मांग तेज हो गई है। इसी संबंध में भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ दुबे के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य, उद्योग, वाणिज्य कर (आबकारी) एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन को मांग पत्र सौंपकर जिले में औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने तथा भूमि बैंक के निर्माण की मांग की।

प्रतिनिधिमंडल में जिला सह-मीडिया प्रभारी सुयश जैन, जिला मंत्री हेमंत राव बाघे और जिला मंत्री विक्रांत राठौर शामिल रहे। मांग पत्र में बताया गया कि गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में औद्योगिक विकास की पर्याप्त संभावनाएं हैं, लेकिन व्यवस्थित औद्योगिक क्षेत्र के अभाव में स्थानीय उद्यमियों और निवेशकों को उद्योग स्थापना के लिए उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं हो पा रही है। इसके कारण निवेश और रोजगार सृजन की संभावनाएं प्रभावित हो रही हैं। पत्र में कहा गया कि जिले में नियोजित औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जाने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, लघु एवं मध्यम उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा तथा जिले की आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी मांग की कि जिले में पूर्व में आवंटित ऐसे औद्योगिक भूखंडों का सर्वेक्षण कराया जाए, जिन पर अब तक उद्योग स्थापित नहीं किए गए हैं। निष्क्रिय भूखंडों के आवंटन की समीक्षा कर आवश्यकता अनुसार निरस्तीकरण एवं पुनः आवंटन की प्रक्रिया अपनाई जाए, ताकि इच्छुक उद्यमियों को उनका लाभ मिल सके। इसके अलावा भविष्य की औद्योगिक आवश्यकताओं और निवेश संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए जिले में औद्योगिक प्रयोजनों के लिए "लैंड बैंक" स्थापित करने का सुझाव भी दिया गया।

# योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सामूहिक जिम्मेदारी



**मुंगेली**। जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित सामान्य सभा की बैठक में जिले के विकास, अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर व्यापक चर्चा हुई। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई तथा जनहित से जुड़े मुद्दों पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती शांति देवचरण भास्कर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय, जिला पंचायत सदस्यगण तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय ने कहा कि मुंगेली को विकसित जिले के रूप में स्थापित करने के लिए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों से जनसमस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने और विकास कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने पर जोर दिया। जिला पंचायत सीईओ ने विभागीय अधिकारियों को सामान्य सभा में दिए गए निर्देशों का गंभीरतापूर्वक पालन सुनिश्चित करने तथा समय-सीमा में कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने नहरों के मध्य अवैध रूप से निर्मित पुलियों पर नियमानुसार कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। बैठक में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने जिले के समग्र विकास के लिए समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर बल देते हुए विभिन्न सुझाव भी प्रस्तुत किए। सामान्य सभा की बैठक में विकास कार्यों को गति देने और जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का संकल्प दोहराया गया।

## सड़क किनारे खड़े युवक का लैपटाप पार

**तखतपुर**। सड़क किनारे खड़े हुए व्यक्ति का लैपटाप अज्ञात व्यक्ति ने पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। जानकारी के अनुसार खपरी निवासी आकाश पटेल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 17 जून को 3 बजे वह जोरापारा में सड़क किनारे बीएसएनएल टावर एवं अंडर ग्राउण्ड केबल का काम करवा रहा था इसी बीच उसे प्यास लगी तो वह लैपटाप को बगल में लटकाकर पानी पीने चला गया और जब वापस आया तो देखा कि लैपटाप गायब था जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई। पुलिस ने धारा 303,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

## दुकान खाली करने को लेकर गाली गलौज

**तखतपुर**। दुकान खाली करने को लेकर गाली गलौज करने वाले युवक को खिलाफ पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार ब्लाक कालोनी निवासी ज्ञानेंद्र देवांगन ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह मण्डी चौक पर मुस्ताक हुसैन के रेलवे की जमीन पर अवैध रूप से बनाई गई दुकान में 2007 से किराए लेकर दुकान कर रहा है 16 जून को रात्रि 10 बजे आरोपी तब्बू मिरी आया और दुकान खाली करने को कहा साथ ही धमकी दिया कि यदि दुकान खाली नही किया या पैसा नही दिया तो जान से मारने की धमकी दी जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज की गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 296, 351,3 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

## करारोपण अधिकारी से गालीगलौज, जुर्म दर्ज

**तखतपुर**। बाजार नीलामी करने गए करारोपण अधिकारी के साथ गाली गलौज कर शासकीय कार्य में बाधा डालने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध करते हुए मामले को विवेचना में ले लिया। जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत तखतपुर में पदस्थ करारोपण अधिकारी सतीश कुमार वर्मा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 13 जून को वह ग्राम पंचायत बांधा में बाजार नीलामी के लिए गया हुआ था तभी गांव का ही आरोपी राजू नवरंग, राम कुमार जायसवाल और संदीप नेताम ने कार्य में बाधा डालते हुए गाली गलौज करने लगे और देख लेने की धमकी दिए जिससे बाजार की निलामी अटक गई इसके बाद थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी गई।

---

**न्यायालय तहसीलदार रतनपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.क्र.प्र. 202602072100007/अ-21/2025-26
ग्राम रतनपुर प.ह.नं. 12

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम रतनपुर प.ह.न. 12 रा.नि.नं. रतनपुर तहसील रतनपुर जिला बिलासपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुन्नीलाल राज पिता हीरालाल राज उम्र 55 वर्ष जाति गोड़ निवासी वार्ड नंबर 03, आंकडीह (कोनी) तहसील मस्तुरी जिला बिलासपुर के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की ग्राम रतनपुर प.ह.न. 12 स्थित भूमि ख.न. 1299/5, 1467/1 एवं 1471 रकबा क्रमशः 1.90, 1.69, 0.63 ए. कुल रकबा 4.22 ए. को बच्चो के विवाह हेतु राशि की आवश्यकता होने के कारण गैर आदिवासी के पास विक्रय की अनुमति हेतु छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 165 (6) के अंतर्गत आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया है जो जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो वह मेरे न्यायालय में दिनांक 30/06/2026 को 10:30 बजे स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकता है बाद में प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 15/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
रतनपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

---

**न्यायालय तहसीलदार तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. /ब-121/2025-26
ग्राम तखतपुर तहसील तखतपुर
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विजय अग्रवाल पिता श्यामलाल अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी ग्राम तखतपुर तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा अपने पुत्री माही अग्रवाल पिता विजय अग्रवाल के लिये आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिये केन्द्र सरकार के अंतर्गत लोक पदों एवं सेवाओं में नियुक्त / शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश प्राप्त करने हेतु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई डब्लू एस) के लिये आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

प्रस्तुत प्रकरण में दिनाक 24/06/2026 को सुनवाई नियत किया गया है। उपरोक्त आवेदन के सम्बन्ध में यदि कोई व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो वे या तो स्वयं या अपने किसी मान्य अभिकर्ता अधिवक्ता के द्वारा नियत तिथि को मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनाक 08/06/2026 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार, तखतपुर

---

**न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी मुंगेली जिला मुंगेली (छ.ग.)**

लल्लाराम परधान (प्रधान) .......वादीगण
बनाम
शाखा प्रबंधक बैंक आफ इंडिया वगैरह
...प्रतिवादीगण

व्यवहार प्रकरण क्रमांक – 70 अ/26
पेशी दिनांक – 21.07.2026
प्रोसेस क्रमांक – 383/26

**समंस/नोटिस**

आम जनता जो संबंधित हो।

इस न्यायालय में वादी द्वारा उद्घोषित हेतु वाद प्रतिवादीगण के विरूद्ध प्रस्तुत किया है। जिसमें आम जनता को प्रतिवादी क्रं. 2 के रूप में संयोजित किया गया है। जिसमें पेशी दिनांक 21.07.2026 को नियत है।

अतः आम जनता जो संबंधित हो आप स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर मय दस्तावेज अपनी प्रतिरक्षा के संबंध में दस्तावेज एवं जवाब प्रस्तुत करें अन्यथा आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी उक्त पेशी दिनांक को अवकाश होने पर आगामी कार्य दिवस को उक्त प्रकरण की कार्यवाही की जावेगी।

यह आज दिनांक – 16/06/26 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

कु. नारायणी कच्छप
व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी
जिला मुंगेली

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार-2 एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/Q/ना.तह./वा./2026
बिलासपुर, दिनांक 15.06.2026

ग्राम जरहाभाठा के सर्व साधारण/ आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम जरहाभाठा प.ह.नं. 38 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 51/1 रकबा 0.071 हे. एकड़ भूमि की नामांतरण/ फौती नामांतरण/ वसीयत/ दान के लिए श्री रमेश कुमार सिहोते वगै. आ. बेनीराम निवासी जरहाभाठा द्वारा आवेदन किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 30.06.2026 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 15.06.2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

नायब तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक/Q/ सीमांकन/रा.नि./2026
बिलासपुर दिनांक 12/06/2026

प्रति, 1. आवेदक अध्यक्ष राजस्व कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित चांटीडीह बिलासपुर आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2. अनिल राठौर सा. लिंगियाडीह 3. मनोज शुक्ला सा. लिंगियाडीह 4. मंगल लाल पाटनवार सा. लिंगियाडीह 5. निरज उपाध्याय सा. लिंगियाडीह 6. अनिल दया चटर्जी सा. लिंगियाडीह 7. जोन कमिश्नर लिंगियाडीह राज किशोर नगर 8. नरेन्द्र यादव 9. शिला मानिकपुरी 19. वैभव सोनी एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार।

विषय:- सीमांकन में उपस्थिति बाबत।

संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक Q/ तह. /वा. 2026 बिलासपुर, दिनांक 08/06/2026

ग्राम लिंगियाडीह प.ह.न. 31 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 54/18 एवं 54/19 में से रकबा 1.60 एकड़ हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक अध्यक्ष राजस्व कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी समिति निवासी चांटीडीह बिलासपुर के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 30/6/2026 मंगलवार को समय 10:00 से 5.00 बजे के बीच में किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज़ के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

राजस्व निरीक्षक
मोपका बिलासपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोटा, जिला बिलासपुर छ.ग.**

क्रमांक/1158/वाचक-1/2026
कोटा/दिनांक 10.06.26
राजस्व अपील प्र.क्र. 202601072200016/ ब-121/2025-26 बरद्वार, तहसील कोटा, जिला बिलासपुर छ.ग.

पक्षकार : रामेश्वर साहू पिता रामचरण साहू उम्र 72 वर्ष लगभग निवासी ग्राम बरद्वार तहसील कोटा जिला बिलासपुर छ.ग.... अपीलार्थीगण।

**बनाम** रामचरण साहू पिता विश्राम साहू वगै. निवासी ग्राम बरद्वार तहसील कोटा, जिला बिलासपुर छ.ग.

**सूचना**

प्रति,

1. आशा साहू पति मनहरण उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम व पोस्ट मटसगरा, तहसील कोटा जिला बिलासपुर छ.ग. 2. उषा साहू पति चित्रा साहू निवासी टिकरी, तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. 3. ईश्वरी साहू पति श्याम रतन साहू उम्र 39 वर्ष निवासी खुरदूर तहसील कोटा जिला बिलासपुर छ.ग. 4. पूर्णिमा साहू पति हेमलाल उम्र 30 वर्ष निवासी भरारीपारा तेलीरापुरान तह. सकरी जिला बिलासपुर छ.ग.

विषय: पेशी में उपस्थित होने बाबत्।

इस न्यायालय में अपीलार्थीगण रामेश्वर साहू पिता रामचरण साहू निवासी ग्राम बरद्वार तहसील कोटा, जिला बिलासपुर छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 44(1) के तहत ग्राम रतनपुर न्यायालय तहसीलदार रतनपुर के रा.प्र.क्र. 202601072200016/ब-121/ 2025-26 आदेश दिनांक 03.06.2026 के विरूद्ध में अपील आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 24.06.2026 को अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में नियत है।

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु अधोहस्ताक्षर कर्ता के न्यायालय में उक्त दिनांक एवं स्थान में 11:00 बजे स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रकरण में भाग ले सकते है। अनुपस्थिति की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी। यह भी सूचित किया जाता है कि यदि उक्त नियत दिनांक को अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी न्यायालयीन दिवस में की जावेगी।

आज दिनांक 10.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर द्वारा जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
कोटा, जिला बिलासपुर छ.ग.

---

**राजस्व मण्डल छत्तीसगढ़, बिलासपुर**

**नोटिस**

क्रमांक 1277/ वाचक/अ./रा.मं./2026, बिलासपुर, दिनांक 19.06.2026
पुनरीक्षण प्रकरण कमांक आर.एन./02/ आर/ अ-063/08/2025
पेशी दिनांक 16/07/2026

भारती इन्फ्राटेक प्रा.लि....पुनरीक्षणकर्ता

**विरूद्ध**

विश्राम यादव वगैरह...अनावेदकगण

प्रति,

1. विश्राम यादव पिता लच्छीराम यादव, निवासी कोनी, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) 2. बिसाहू यादव पिता दयाराम, निवासी बंधवापारा सरकण्डा, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

पुनरीक्षणकर्ता भारती इन्फ्राटेक प्रा. लिमिटेड मार्फत डायरेक्टर राजीव अग्रवाल पिता रामचंद्र अग्रवाल निवासी क्रांति नगर बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा आयुक्त बिलासपुर संभाग बिलासपुर के अपील प्रकरण कमांक 01/अ-063/2015-16, में पारित आदेश दिनांक 28.09.2014 के विरूद्ध छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 50 के तहत इस न्यायालय में पुनरीक्षण याचिका प्रस्तुत की है। जिसकी सुनवाई दिनांक 16.07.2026 को दिन के 11.00 बजे इस न्यायालय में नियत है। अतः इस नोटिस के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता, जो मामले की पूर्ण जानकारी रखते हों, के माध्यम से पेशी तारीख 16.07.2026 दिन के 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते हैं, अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में प्रकरण में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यदि उक्त दिनांक को अवकाश घोषित होता है, तो अगले कार्य दिवस पर इस न्यायालय में उपस्थित होवें।

दिनांक 19.06.2026
(माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा आदेशित)

अधीक्षक
राजस्व मण्डल छत्तीसगढ़,
बिलासपुर

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेंटर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

शाला प्रवेश उत्सव

## आशुकृत को मिली पीएचडी की उपाधि



**चकरभाठा।** डॉ. आशुकृत कुमार साहू को आईएसबीएम विश्वविद्यालय कोसमी नवापारा, छुरा, जिला गरियाबंद से समाज कार्य विषय में शोधकार्य पूर्ण करने पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उनका शोध विषय महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से महिलाओं के विकास का समीक्षात्मक अध्ययन (बिलासपुर जिले के विशेष संदर्भ में) था। शोधकार्य का संपादन में डॉ. अनीता कुर्रे के मार्गदर्शन हुआ। वे तिलक नगर, हिर्री माइंस, छतौना निवासी अश्वनी कुमार साहू के पुत्र हैं।

## राहुल के जन्मदिन पर मरीजों को फल वितरित



**तखतपुर।** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के जन्म दिन पर पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश सिंह ठाकुर के नेतृत्व में चरण नर्सिंग होम में मरीजों को फल वितरण एवं वार्ड क्रमांक 4 में बच्चों को पेन कापी शीश चाकलेट बाटकर जन्म दिन मनाया गया। इस अवसर पर अजय सिंह, अजय देवांगन ,बिहारी देवांगन, जितेन्द्र राज, सुनील जांगड़े, आवेश जान, अजमत हुसैन, अजय ध्रुव, विकास गोस्वामी, आशीष लाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## व्यक्ति को कमजोर बनाती है नशे की लत




**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ शबरी सेवा संस्थान, एकीकृत पुनर्वास केन्द्र (नशा मुक्ति केन्द्र) द्वारा ग्राम पंचायत मोहभट्ठा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्व-सहायता समूह की महिलाओं को नशे के दुष्परिणामों एवं इससे बचाव के उपायों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने बताया कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही प्रभावित नहीं करता, बल्कि उसके मानसिक संतुलन, आर्थिक स्थिति, पारिवारिक संबंधों और सामाजिक जीवन पर भी गंभीर नकारात्मक प्रभाव डालता है। नशे की लत व्यक्ति को शारीरिक रूप से कमजोर बनाती है, उसकी कार्यक्षमता को प्रभावित करती है तथा परिवार और समाज में कई प्रकार की समस्याओं को जन्म देती है। कार्यक्रम के अंत में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत सभी उपस्थित महिलाओं को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। उन्होंने स्वयं नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार, गांव और समाज को नशामुक्त बनाने के लिए जनजागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

## जोएना को मिली आंखों की रोशनी



**मुंगेली।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत संचालित चिरायु योजना अंतर्गत ग्राम सेंनगुड़ा की चार वर्षीय नन्ही जोएना जांगड़े के लिए वरदान बन गई। जन्मजात मोतियाबिंद के कारण दोनों आंखों से देखने में असमर्थ जोएना का निःशुल्क उपचार चिरायु योजना के अंतर्गत कराया गया। दो सफल ऑपरेशन के बाद अब वह अपनी दोनों आंखों से सामान्य रूप से देख पा रही है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक (राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन) डॉ. गिरीश कुर्रे एवं चिरायु योजना के नोडल अधिकारी डॉ. कमलेश कुमार के मार्गदर्शन में चिरायु दल ने स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान जोएना की गंभीर नेत्र समस्या की पहचान की। 25 अप्रैल 2026 को एक आंख तथा 12 जून 2026 को दूसरी आंख का सफल ऑपरेशन किया गया। अब जोएना अपनी दोनों आंखों से स्पष्ट रूप से देख पा रही है और उसके जीवन में नई उम्मीदों का उजाला लौट आया है।

## दिव्यांग बच्चों का चिन्हांकन एवं सर्वेक्षण के लिए दिया गया प्रशिक्षण



**लोरमी।** दिव्यांग बच्चों के व्यापक चिन्हांकन एवं विकासखंड स्तरीय दिव्यांग सर्वेक्षण के लिए स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल में 109 दिव्यांग सर्वेक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम खंड स्रोत समन्वयक डीसी डाहिरे एवं संस्था के प्राचार्य अरुण जायसवाल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधितकरते हुए डीसी डाहिरे ने बताया कि समाज की मुख्य धारा से कटे बच्चों को सामान्य शिक्षा की धारा में जोड़ने का प्रयास करें। प्राचार्य अरुण जायसवाल ने कहा कि शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण विभाग के संयुक्त प्रयास से इन बच्चो को चिन्हांकित कर श्रवण बाधित यंत्र दृष्टि बाधित यंत्र प्रचालन संबंधी यंत्र, छात्रवृत्ति का सहयोग किया जाएगा।

### खपरिकला, लगरा, चिल्फी, सालहेघोरी और भांठा क्षेत्रों में रेत माफिया सक्रिय

# मनियारी व आगर नदी में रेत के अवैध उत्खनन से नदी के अस्तित्व पर खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

क्षेत्र की प्रमुख नदियों मनियारी एवं आगर नदी में लगातार हो रहे अवैध रेत उत्खनन ने नदी के अस्तित्व पर गंभीर संकट खड़ा हो गया है। मनियारी नदी के ग्राम जमुनाही, लाखासार के पास तथा नीचे पैजनिया सहित अन्य स्थानों पर बड़े पैमाने पर रेत का अवैध खनन किया जा रहा है। वहीं आगर नदी के खपरिकला, लगरा, चिल्फी, सालहेघोरी और भांठा क्षेत्रों में भी रेत माफिया सक्रिय होकर नियमों को दरकिनार कर खुलेआम रेत निकाल रहे हैं।

- नियमों को दरकिनार कर खुलेआम रेत निकाल रहे माफिया

स्थानीय लोगों के अनुसार अवैध खनन में लगे लोगों ने रेत निकालने का एक अनोखा तरीका अपना रखा है। ट्रैक्टर में लंबी रस्सी बांधकर उसके दूसरे सिरे में आधा कटा हुआ लोहे का ड्रम जोड़ दिया जाता है। इसके बाद दो मजदूर नदी के भीतर जाकर ड्रम को रेत में गाड़ते हैं और ट्रैक्टर की सहायता से उसे खींचकर बाहर निकालते हैं। इस प्रक्रिया से बड़ी मात्रा में रेत निकाली जा रही है। ग्रामीणों का कहना है, कि लगातार हो रहे अवैध उत्खनन से नदी की जलधारण क्षमता प्रभावित हो रही है। नदी के किनारों का कटाव बढ़ रहा है,तथा जलस्तर में गिरावट की आशंका भी गहरा रही है। पर्यावरण प्रेमियों का मानना है कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई तो आने वाले वर्षों में नदी का प्राकृतिक स्वरूप गंभीर रूप से प्रभावित हो सकता है। मनियारी और आगर नदियों में अनियंत्रित और अवैध रेत उत्खनन इनके प्राकृतिक स्वरूप व पारिस्थितिकी को गंभीर रूप से नष्ट कर रहा है। अंधाधुंध मशीनों के इस्तेमाल और तय गहराई से अधिक खनन के कारण भूजल स्तर में भारी गिरावट आ रही है, जिससे इन नदियों का अस्तित्व और जलीय जीव-जंतु खतरे में पड़ रहे हैं।



### जलस्तर में भारी कमी

रेत का प्राकृतिक भंडार एक स्पंज की तरह काम करता है जो पानी को रोककर रखता है। अत्यधिक और अवैध खनन से यह प्राकृतिक क्षमता नष्ट हो रही है, जिसके परिणामस्वरूप नदियां बारह महीने बहने के बजाय साल के अधिकांश समय सूखी रहने लगी हैं।

### जलीय पारिस्थितिकी का विनाश

मशीनों द्वारा लगातार खुदाई से नदी का तल गहरा हो जाता है और पानी मटमैला हो जाता है, जो मछलियों व अन्य जलीय जीवों के प्रजनन और जीवन-चक्र को पूरी तरह बर्बाद कर देता है।

### तटों का कटाव

अवैध खनन से नदी के किनारे कमजोर हो जाते हैं, जिससे बाढ़ का खतरा बढ़ जाता है और आसपास की कृषि भूमि का कटाव होने लगता है।

### कार्रवाई की मांग

क्षेत्रवासियों ने प्रशासन, खनिज विभाग एवं राजस्व विभाग से मांग की है कि अवैध रेत खनन पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाए तथा नदी के संरक्षण के लिए नियमित निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके बावजूद अब तक जिम्मेदार विभागों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से रेत माफिया के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं।

### की जाएगी कार्रवाई

मामला संज्ञान में आया है। जल्द ही कार्रवाई कर अवैध उत्खनन को रोका जाएगा।

-योगेश साहू, खनिज निरीक्षक, खनिज विभाग

## अवैध खनन पर खनिज विभाग की कार्रवाई, 12 वाहन जब्त



**पेंड्रा।** जिले में अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन के खिलाफ जिला प्रशासन एवं खनिज विभाग की कार्रवाई लगातार जारी है। कलेक्टर डॉ. संतोष कुमार देवांगन के निर्देश पर जिला खनिज उड़नदस्ता दल ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में छापेमार कार्रवाई करते हुए पिछले एक हफ्ते में अवैध रेत एवं मिट्टी ईंट के परिवहन में संलिप्त 12 वाहनों को जब्त किया है।

खनिज विभाग को ग्रामीणों से शिकायत प्राप्त हुई थी कि मटियाडांड स्थित चेक डेम के नीचे सोन नदी के मऊहरि क्षेत्र में चेक डेम खोलकर अवैध रूप से रेत का उत्खनन किया जा रहा है। शिकायत के आधार पर खनिज उड़नदस्ता दल ने मौके पर पहुंचकर जांच की, जहां अवैध उत्खनन एवं परिवहन की पुष्टि होने पर तीन ट्रैक्टर वाहनों को जब्त किया गया। इसके अलावा पिपरखूंटी, चंगेरी, परासी, मरवाही, कोटमी और गौरेला क्षेत्र में चलाए गए सघन जांच अभियान के दौरान अवैध रूप से रेत और मिट्टी ईंट का परिवहन करते हुए एक टिप्पर और आठ ट्रैक्टर पकड़े गए। इस तरह कुल 12 वाहन कार्रवाई की जद में आए हैं। जब्त सभी वाहनों को अग्रिम वैधानिक कार्रवाई के लिए संबंधित थानों एवं कोटमी पुलिस चौकी में सुरक्षित रखा गया है। वाहन मालिकों के विरुद्ध खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 के तहत कार्रवाई की गई है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित अर्थदंड की राशि जमा किए जाने के बाद ही जब्त वाहनों को छोड़ा जाएगा।

## प्रेस क्लब में मनाई गई माधव राव सप्रे की जयंती



**पेंड्रा।** हिंदी पत्रकारिता के पुरोधा एवं छत्तीसगढ़ की साहित्यिक और पत्रकारिता परंपरा के अग्रदूत पंडित माधवराव सप्रे की जयंती शुक्रवार को जिला प्रेस क्लब पेंड्रा में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पत्रकारिता और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए युवा पत्रकार सुबीर चौधरी को प्रथम ₹माधवराव सप्रे सम्मान₹ से सम्मानित किया गया।

समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष राकेश जालान, उपाध्यक्ष शरद गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा उपेंद्र बहादुर सिंह, कलेक्टर डॉ. संतोष कुमार देवांगन सहित जनप्रतिनिधि, पत्रकार, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष राकेश जालान ने पंडित माधवराव सप्रे के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने पत्रकारों से जिले के पेंड्रा बाईपास सहित अन्य जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का आग्रह किया। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. संतोष कुमार देवांगन ने प्रेस क्लब परिसर में संचालित माधवराव सप्रे लाइब्रेरी का अवलोकन किया। अपने संबोधन में कलेक्टर डॉ. देवांगन ने कहा कि पंडित माधवराव सप्रे ने हिंदी पत्रकारिता और साहित्य को नई दिशा देने का कार्य किया।

## भाजपा किसान मोर्चा जरहागांव मंडल की प्रथम परिचयात्मक बैठक



**जरहागांव।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा मंडल जरहागांव की प्रथम परिचयात्मक बैठक गुरुवार को हुई। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, किसानों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करने तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने पर विशेष विचार-विमर्श किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शैलेश पाठक, किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शिवप्रताप सिंह ठाकुर तथा भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष रितेश यादव उपस्थित रहे। बैठक के दौरान भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष रितेश यादव का मंडल कार्यकर्ताओं ने अभिनंदन किया। उपस्थित नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसान मोर्चा भाजपा की महत्वपूर्ण इकाई है, जो किसानों की समस्याओं को शासन तक पहुंचाने और सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करती है। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष बंटी नागेश्वर जायसवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा विजय दीवान, मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा शंभू कश्यप, उपाध्यक्ष हरीश साहू, महामंत्री शत्रुघ्न साहू एवं महेंद्र सिंह राजपूत, राजेश यादव, अरविंद सिंह राजपूत सहित मंडल एवं जिला स्तर के अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

## ग्रंथ एवं सत्संग समारोह में शामिल हुए कौशिक



**सरगांव।** नगर पंचायत स्थित कबीर आश्रम में आयोजित दो दिवसीय ग्रंथ एवं सत्संग समारोह में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं बिल्हा विधायक धरम लाल कौशिक और नगर अध्यक्ष परमानंद साहू शामिल हुए।

इस अवसर पर सद्गुरु कबीर साहेब के जीवन, दर्शन एवं उनके संदेशों पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि कबीर साहेब ने मानवता, प्रेम, सत्य, समरसता एवं सदाचार का जो संदेश दिया, वह आज भी समाज को एकता, भाईचारे और नैतिक मूल्यों के साथ जीवन जीने की प्रेरणा प्रदान करता है। उनके विचार सामाजिक समरसता एवं मानव कल्याण के लिए सदैव प्रासंगिक रहेंगे।

कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष परमानंद साहू, पूर्व पार्षद रामकुमार कौशिक, प्रदेश मंत्री रणजीत सिंह हुरा, पार्षद मनोज यादव, रामखिलावन साहू, तरुण अग्रवाल, उदित साहू, दुर्गेश वर्मा, छेदूराम साहू, आमीन माता मंडल सेवा समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य, नवयुवक मंडल के सदस्य सहित नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## मरपची ने जिला परिवहन कार्यालय भवन का किया भूमिपूजन



**पेण्ड्रा।** मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपची ने अंजनी में लगभग 2 करोड़ 36 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले जिला परिवहन कार्यालय भवन का विधिवत भूमिपूजन किया। इस अवसर पर क्षेत्र के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों तथा गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री मरपच्ची ने कहा कि जिला परिवहन कार्यालय भवन के निर्माण से जिलेवासियों को परिवहन संबंधी सेवाएं और अधिक सुगमता एवं सुविधा के साथ उपलब्ध होंगी। इससे आम नागरिकों को विभिन्न कार्यों के लिए अन्य जिलों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा तथा परिवहन विभाग की सेवाओं का प्रभावी संचालन सुनिश्चित होगा। विधायक प्रणव कुमार ने कहा कि राज्य सरकार आमजन को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा प्रशासनिक सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

## कुर्मी समाज के भवन निर्माण के लिए 60 लाख स्वीकृत



**बोदरी।** बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक के प्रयासों से कुर्मी समाज के भवन निर्माण के लिए 60 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। राशि स्वीकृत होने पर समाज के लोगों ने श्री कौशिक का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर संतोष वर्मा, मन्नू कौशिक, कौशल प्रसाद कौशिक, डॉ. रामकुमार कौशिक (जनपद अध्यक्ष बिल्हा), डॉ. मनीराम कौशिक, रामकुमार कौशिक, नरेंद्र सन्नाडय, लोचन कौशिक, जगन्नाथ कौशिक, बलदाऊ कौशिक, हरपाल कौशिक, जीवनलाल कौशिक, डॉ. नवनीत कौशिक, इंजीनियर राकेश कौशिक, निखिल कौशिक, राहुल कौशिक, सोनू कौशिक, धनंजय सन्नाडय, त्रिलोचन, कृष्णकुमार कौशिक, दुर्गेश सन्नाट, देवानंद कौशिक, संदीप वर्मा, शुभम कौशिक, शीतल कौशिक, मनीष कौशिक एवं नीरज कौशिक सहित बड़ी संख्या में स्वजातीय नागरिक उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने जिला जेल का किया निरीक्षण



**पेंड्रा।** कलेक्टर डॉ. संतोष कुमार देवांगन ने गुरुवार को जिला जेल का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जेल परिसर की विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जेल परिसर में स्वच्छता बनाए रखने, सुरक्षा मानकों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करने तथा बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बैरकों, रसोईघर, स्वास्थ्य सुविधाओं एवं परिसर की समग्र व्यवस्था का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी ली।कलेक्टर ने कहा कि जेल में सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ बंदियों के स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं मानवीय सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को नियमित निरीक्षण एवं सतत निगरानी के माध्यम से व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जेल प्रशासन के अधिकारियों ने जेल में संचालित विभिन्न गतिविधियों एवं व्यवस्थाओं की जानकारी कलेक्टर को प्रदान की। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ मुकेश रावटे, प्रभारी जेल अधीक्षक सह डिप्टी कलेक्टर अमित बेक, सीएमएचओ डॉ रामेश्वर शर्मा, एसडीएम विक्रांत अंचल, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग नित्या ठाकुर, कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी प्रिया सोनी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत




**पेंड्रा।** राज्य शासन के निर्देशानुसार शिक्षा सत्र 2026-27 के तहत विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय पेंड्रा में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरएन चंद्रा के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का तथा नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा, नगर पालिका अध्यक्ष राकेश जालान, पूर्व अध्यक्ष इकबाल सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा उपेंद्र बहादुर सिंह, राकेश चतुर्वेदी तथा जिला शिक्षा अधिकारी रजनीश तिवारी सहित अन्य मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को पुस्तकें एवं गणवेश वितरित किए। अंत में न्योता भोज का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थी, पालक, शिक्षक एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष शरद गुप्ता, मनीष श्रीवास, जिला मंत्री भाजपा छोटेलाल सोनी, मंडल अध्यक्ष राजकुमार पुरी, विजय राठौर, प्राचार्य बैजंती एक्का सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नागेंद्र सिंह ने किया।

### सेमरसल में बच्चों को बांटे गए पुस्तक व गणवेश



**लोरमी।** छात्रों के बीच समानता और अनुशासन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सेमरसल पूर्व माध्य.शाला में गणवेश वितरण किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विजय निषाद ने कहा कि गणवेश विद्यार्थियों में अनुशासन एकाग्रता और एक समान होने की भावना पैदा करती है जो उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक है। सरपंच प्रतिनिधि राजकुमार अनंत ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज और राष्ट्र की रीढ़ होती है। अंत में अतिथियों के कर कमलों द्वारा छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पुस्तक व गणवेश वितरित किए गए।

### डीएवी स्कूल कोतरी में बच्चों का किया गया स्वागत



**लोरमी।** ग्राम कोतरी स्थित डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में नए सत्र का शुभारंभ किया गया। सभी बच्चों का स्वागत तिलक लगाकर किया गया। सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने उत्साहित होकर अपने शिक्षण कार्य का परिचालन किया।इस उपलक्ष्य में विद्यालय के प्राचार्य दीपक वर्मा ने बताया, कि इस नए सत्र में बच्चों को उत्कृष्ट एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना विद्यालय की पहली प्राथमिकता होगी। इसके लिए अनुकूल वातावरण एवं कुशल शिक्षकों के साथ विद्यालय तैयार है।



### नवप्रवेशी बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्साह जगाने का दिया संदेश

**पेंड्रा।** विकासखंड पेंड्रा के संकुल केंद्र देवरीखुर्द अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला करौंदानार में नए शिक्षा सत्र 2026-27 के प्रथम दिवस शाला प्रवेश उत्सव सह न्योता भोज का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में कक्षा पहली में प्रवेश लेने वाले 6 नवप्रवेशी बच्चों सहित सभी विद्यार्थियों का गुलाल लगाकर एवं मुंह मीठा कराकर स्वागत किया गया तथा उन्हें विद्यालय में प्रवेश दिलाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों एवं गणवेश का वितरण किया गया।

## खबर संक्षेप

### 30 पाव शराब के साथ बाइक जब्त

**बिलासपुर।** रतनपुर पुलिस ने अवैध शराब के कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो शराब काचियों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से 30 पाव प्लेन शराब और तस्करी में इस्तेमाल की जा रही बाइक जब्त की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 18 जून को सूचना मिली की रानीगांव शराब भट्टी से दो व्यक्ति बाइक में भारी मात्रा में शराब लेकर बिक्री के लिए ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने खण्डोबा मंदिर के पास घेराबंदी कर कार्रवाई की। मौके से पुलिस ने दोनों आरोपियों को पकड़ा। आरोपियों की पहचान प्रमोद यादव 37 वर्ष पिता दिलहरण यादव निवासी मोहदा,और मोहन निर्मलकर 40 वर्ष पिता दशरथ निर्मलकर निवासी मोहदा। आरोपियों के कब्जे से 30 पाव देशी शराब कुल कीमत 2 हजार 400 रूपए और परिवहन में प्रयुक्त बाइक जब्त की गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

### फूल तोड़ने निकली महिला से चेन स्नेचिंग

**बिलासपुर।** अज्ञात लुटेरे घर के बाहर फूल तोड़ने निकली महिला के गले से सोने की चेन लूटकर भाग गए।



पुलिस मामले में जांच में जुट गई है। सूत्रों के अनुसार सिरगिट्टी थाना क्षेत्र के अतंर्गत हुई घटना उस समय हुई जब महिला शोभा साहू उम्र 50 वर्ष अपने घर से बाहर फूल तोड़ने निकली थीं। इस दौरान दो बाइक में 3 व्यक्ति आश्रम परिषद की ओर से आए। शिव मंदिर के पास फूल तोड़ रही शोभा को धकेलकर गले से चेन छीन कर फरार हो गया। सोने की चेन लगभग 1 तोले के आसपास थी। टीआई यशवंत प्रताप सिंह ने बताया कि आसपास के क्षेत्र में पतासाजी की जा रही है। वहीं फुटेज भी निकालने का प्रयास किया जा रहा है।

### महिला से 75 हजार की साइबर ठगी, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** महिला के खाते से अलग-अलग कर 75 हजार रुपए का ट्रांजेक्शन कर साइबर ठगी करने वालों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। महिला को ठगी का अंदाजा भी नहीं लग सका, बैंक जाने पर अकाउंट खाली मिलने पर उन्हें जानकारी मिली, जिसके बाद सरकंडा थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। सरकंडा थाना प्रभारी प्रदीप आर्या ने बताया कि सरकंडा के राजकिशोर नगर में रहने वाली उर्मिला पराते गृहणी हैं। उनके बैंक अकाउंट से अज्ञात व्यक्तियो के द्वारा 75 हजार रुपए ट्रांसफर कर ठगी की घटना को अंजाम दिया गया है। एक और दो हजार रुपए के ट्रांजेक्शन अलग-अलग खातों में दिखाई दे रहे है। खास बात यह है कि ना तो किसी व्यक्ति के द्वारा कोई काल नहीं आया था और ना ही महिला ने किसी को ओटीपी लिंक और पासवर्ड दिया है इसके बावजूद खाते से 75 हजार रुपए कट चुके है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने महिला के बैंक खाते की जानकारी ली है। इसके आधार पर जांच आगे बढ़ाई जा रही है।

### अनाधिकृत प्रवेश पर आदेश जारी

**बिलासपुर।** कर्मचारी संघ के अध्यक्ष किशोर शर्मा ने बताया कि संघ को समाज कल्याण के कर्मचारियों द्वारा जानकारी दी गई है कि विभाग से सेवामुक्त एवं सेवानिवृत हुए कर्मचारी एवं अन्य व्यक्तियों द्वारा समाज कल्याण कार्यालय एवं संस्थाओं के अधिकारियों के कक्ष सहित विभिन्न शाखा में लगातार अपनी उपस्थिति देकर कर्मचारियों पर दबाव डालकर नस्ती देखने तथा गोपनीय जानकारी प्राप्त करने की कोशिश की जाती है। उनके अनुसार कार्रवाई नहीं होने पर फर्जी शिकायत कर स्थानांतरण चोरी, निलंबन कराने का दबाव डाला जाता है जिस पर संघ ने मांग की है कि संस्था एवं कार्यालय तथा अधिकारियों के कक्ष में प्रवेश करने वाले व्यक्तियों की जानकारी के लिए पंजी का संधारण करने एवं सीसीटीवी कैमरे अपडेट रखने की मांग की।

---

डिवीजन स्तर पर मचा हड़कंप

गोंदिया से बिलासपुर होकर रायगढ़ तक चलने वाली जनशताब्दी का परिचालन सप्ताह में 6 दिन किया जा रहा है

# सूरज की रौशनी में हुई जनशताब्दी सिग्नल ओवरशूट, जांच कमेटी गठित

**बिलासपुर।** सूरज की रौशनी में रेड सिग्नल दिखाई नहीं दिया और चालक ने जनशताब्दी एकसप्रेस को सिग्नल से आगे बढ़ा दिया। ओवरशूट की घटना के बाद जोन और डिवीजन स्तर पर हड़कंप मच गया, जिसके बाद रेल अफसरों ने तत्काल जांच कमेटी गठित कर दी।

रायगढ़ से बिलासपुर, रायपुर होकर गोंदिया और गोंदिया से बिलासपुर होकर रायगढ़ तक चलने वाली जनशताब्दी एक्सप्रेस का परिचालन सप्ताह में 6 दिन किया जा रहा है। ट्रेन सुबह रायगढ़ से बिलासपुर 8.45 बजे और शाम को 7 बजकर 35 मिनट पर पहुंचती है। इसमें रायगढ़, बिलासपुर के साथ दुर्ग के लोको पायलट, असिस्टेंट लोको पायलट और वापसी में गोंदिया के ट्रेन मैनेजर व चालक एवं परिचालक ड्यूटी करते हैं।



प्रतिदिन की तरह गुरुवार की दोपहर 12070 गोंदिया से रायगढ़ आने वाली जनशताब्दी एक्सप्रेस ढ़ाई बजे रवाना की गई थी। डोंगरगढ़ और राजनांदगांव स्टेशन से रवाना होने के बाद दुर्ग स्टेशन पहुंचने से पहले रसमड़ा स्टेशन जनशताब्दी एक्सप्रेस रेड सिग्नल होने के बाद भी आगे बढ़ गई। रेड सिग्नल क्रास करने और सिग्नल ओवरशूट की घटना की सूचना मिलते ही बिलासपुर जोनल मुख्यालय और डिवीजन स्तर पर हड़कंप मच गया। इस ट्रेन में दुर्ग के स्टाफ लोको पायलट एके तिवारी, सहायक चालक आशीष तिवारी के साथ गार्ड बहादुर सिंह ड्यूटी कर रहे थे। प्रारंभिक जांच और पूछताछ में जानकारी मिली कि मीडिल लाइन सेक्शन के स्थान पर चालक ने दूसरी लाइन का सिग्नल देखकर गाड़ी को आगे बढ़ा दिया था। जानकारी मिलने के बाद जांच के लिए उच्चाधिकारियों की टीम गठित कर दी है, जिनकी रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### की जा रही जांच

राजनांदगांव और दुर्ग के बीच रसमड़ा स्टेशन के पास जनशताब्दी के सिग्नल ओवरशूट होने की जानकारी मिली है। इसकी जांच करने के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी।

**-सुस्कर विपुल विलास राव**
सीपीआरओ, एसईसीआर

---

गांव-देहात में पशु-पक्षियों में हाहाकार

# मानसून में देरी, अभी से 25 बांध सूखे 14 में निस्तारी का भी पानी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



छोटे व मझोले आकार के बांधों की स्थिति बेहद खराब है। आज की स्थित में जिले के छोटे स्तर के 25 बांध पूरी तरह सूख चुके हैं जहां एक बूंद पानी नहीं है। इसी तरह 14 बांध ऐसे भी हैं, तो आज-कल में सूखने की कगार पर हैं। बांधों में पानी नहीं होने की स्थिति में ग्रामीण क्षेत्रों में पशु-पक्षियों में बिना पानी के हाहाकर की स्थिति है।

मानसून के आगमन की जिले में औसतन अवधि 16 जून निर्धारित है, लेकिन अब तक मानसून का पता नहीं है। इतना ही नहीं, बल्कि अभी आने वाले कुछ दिनों तक भी मानसून के आगमन की कोई संभावना नहीं बताई जा रही है। इधर लगातार पड़ रही भीषण गर्मी के प्रभाव से जिले के छोटे व मझोले आकार के बांधों में जल का स्तर लगातार कम तो हो ही रहा है, लेकिन उनका पूरी तरह सूख जाना एक बड़ी चिंता का विषय है।

आज की स्थिति में छोटे व मझोले आकार के 25 बांधों में एक बूंद पानी उपलब्ध नहीं है वे पूरी तरह सूख चुके हैं। इसी तरह चौदह बांध ऐसे हैं, जिन्हें शून्य से 25 प्रतिशत जलभराव की श्रेणी में रखा गया है। सिंचाई विभाग की यह रिपोर्ट 31 मई की स्थिति में है, जिससे पूरी संभावना है कि इन चौदह बांधों में भी जलभराव शून्यता की स्थिति में हो। बीते महीनों में सिंचाई विभाग ने पूरे जिले के पूरी तरह सूख चुके तालाबों में नहर के माध्यम से निस्तारी के लिए जलभराव किया था, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में जनजीवन सुचारू रूप से चल रहा है। इसके विपरीत बांधों में जलभराव की कोई व्यवस्था नहीं हो पाने के कारण ग्रामीण क्षेत्र में पशु-पक्षियों को पानी के लिए हलाकान होना पड़ रहा है।

### जिले में 51 बांध, केवल ग्यारह बांधों में 50 प्रतिशत जलभराव

जिले में बड़े व छोटे मिलाकर कुल 51 बांध हैं, लेकिन इनमें से केवल 11 बांध ही ऐसे हैं, जिनमें आज की स्थिति में 50 प्रतिशत जलभराव है। हालांकि बीते वर्ष समय से पहले ही अच्छी बारिश हो जाने के कारण जिले के सभी बड़े बांधों में भी पूर्णतः जलभराव होकर वेस्ट वियर की स्थिति निर्मित हो गई थी, जिससे जिले के तीनों बड़े बांधों खारंग, घोंघा व अरपा-भैंसाझार बैराज में भीषण गर्मी के बाद भी वर्तमान में पर्याप्त जलभराव उपलब्ध है।

### भरे गए हैं तालाब

तालाब अगर नहर के रास्ते से जुड़े हैं तो उनके भरने की व्यवस्था है, और जिले के सभी बांधों से सैकड़ों सूख चुके तालाबों को निस्तारी के लिए भरा भी गया है। जबकि बांध अगर सूख गए हों, तो उन्हें भरने की कोई व्यवस्था नहीं है, क्योंकि उनका जुड़ाव नहर से नहीं है। सूख चुके बांधों में अब बारिश से ही जलभराव हो सकता है।

**-एमके चंद्रा,** ईई
खारंग डिवीजन

---

# ट्रेन के एसी कोच में भरा पानी रेल मंत्रालय तक पहुंची शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ यात्री होते रहे परेशान

ट्रेन के एसी कोच में भी यात्रियों का सफर सुरक्षित नहीं रह गया है। हजारों रुपए अतिरिक्त देने के बाद यात्री आरामदायक और सुरक्षित सफर करना चाहते हैं, लेकिन फर्स्ट एसी की हालत ऐसी है कि उसमें से भी पानी नीचे टपकता है। इसके कारण पूरे कोच का हाल सरोवर की तरह हो जाता है। इसी तरह की शिकायत ट्वीटर के जरिए रेल मंत्रालय स्तर पर की गई है।

गर्मी के मौसम में जनरल के साथ स्लीपर कोच में सफर करने वाले यात्रियों का दोपहर में काफी बुरा हाल हो रहा है। गर्मी और कोच के दोनों ओर लगी खिड़कियों से गरम हवाएं आने के कारण यात्री एसी थर्ड, एसी सेकेंड और एसी फर्स्ट में हजारों रुपए की राशि देकर आरामदायक सफर करना चाह रहे हैं। एसी कोच का हाल भी ऐसा हो गया है कि कभी बीच सफर के दौरान एसी में प्राब्लम हो जाता है तो कभी कोच के टायलेट में आने वाला पानी खत्म हो जाता है। इसके कारण यात्रियों की परेशानी प्रतिदिन की हो गई है। ट्रेनों के मेंटेनेंस और अन्य रखरखाव के लिए कोचिंग डिपो में सैकड़ों की संख्या में कर्मचारी लगे रहते हैं, जो सारे कोच को चेक करने के बाद स्टेशन और स्टेशन से गंतव्य तक रवाना करने का काम करते हैं। इसके बावजूद अब एसी कोच के ऊपर से पानी टपकने का मामला भी सामने आने लगा है। इसी तरह का हाल बिलासपुर से बीकानेर जाने वाली 20845 सुपरफास्ट एक्सप्रेस का भी है। गुरुवार की शाम 6 बजे बिलासपुर से बीकानेर के लिए ट्रेन रवाना की गई। इस ट्रेन के स्लीपर से लेकर एसी थर्ड और सेकेंड में यात्रियों की भीड़ और वेटिंग के बाद कुछ यात्रियों ने वीआईपी कोटे के तहत एसी फर्स्ट में अपने बर्थ की बुकिंग कराई। इसमें एक यात्री अखिल माखीजा भी शामिल थे। दुर्ग स्टेशन पहुंचने से पहले फर्स्ट एसी कोच के ऊपर से पानी टपकना शुरु हो गया।



यह पानी प्रसाधन के अलावा उस स्थान पर भी गिर रहा था, जहां बर्थ में यात्री सफर कर रहे थे। इसकी सूचना कोच अटेंडर को भी दी गई। दुर्ग स्टेशन पहुंचने के बाद भी कोच से पानी टपकना बंद नहीं हो सका। इसके कारण यात्री ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को ट्वीटर पर शिकायत करने के बाद अपनी राशि रिफंड करने की मांग और कोच खराब होने की शिकायत की है।

---

# वारंट तामीली में लापरवाही सिरगिट्टी टीआई सस्पेंड

**बिलासपुर।** न्यायालय द्वारा जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट की तामिली में लापरवाही बरतने पर एसएसपी रजनेश सिंह ने सिरगिट्टी टीआई को सस्पेंड कर दिया है।

जारी किए गए निलंबन आदेश में एसएसपी ने न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायालय कैमूर बिहार के प्रकरण में धारा 144(3) बीएनएसएस में अभियुक्त मोहम्मद आरिफ खॉन पिता अलीम खॉन निवासी युदनंदन नगर के विरूद्ध जारी गिरफ्तारी वारंट की तामील में लापरवाही की बात कही है। पुलिस मुख्यालय रायपुर के पत्र 12 जून 2026 के माध्यम से अवगत कराने हेतु निर्देशित किए जाने के बाद भी पालन प्रतिवेदन समयावधि में टीआई निरीक्षक अभय सिंह बैस द्वारा दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही बरती गई। उक्त लापरवाही के लिये निरीक्षक अभय सिंह बैस तत्कालीन थाना प्रभारी सिरगिट्टी को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में निरीक्षक को निलंबन के नियमानुसार निर्वाह भत्ता देय होगा, इस दौरान टीआई अभय सिंह रक्षित केन्द्र में ड्यूटी देंगे।

### घायल तेंदुए को नहीं खोज सके डॉग

**बिलासपुर।** मुंगेली वन मंडल के लोरमी वन परिक्षेत्र में हुए आपसी संघर्ष में एक तेंदुए की मौत और दूसरा घायल हो गया। इसकी तलाश करने डॉग का सहयोग लिया जा रहा है, लेकिन दो दिन में घायल तेंदुआ अब तक विभाग के हाथ नहीं लग सका है। तीन दिन पहले मुंगेली वन मंडल के लोरमी वन परिक्षेत्र में चंदूपारा परिसर के कक्ष क्रमांक 1529 में दो तेंदुए की आपसी भिड़ंत हुई। इसमें एक तेंदुए की मौत हो गई और दूसरा घायल हो गया। इस दौरान तेंदुए के शिकार की आशंका पर करंट व अन्य सामानों की भी खोजबीन की गई। घायल हुए तेंदुए की तलाश करने वन विभाग की टीम के साथ डॉग की भी मदद ली गई। पिछले तीन दिन से डॉग के साथ विभागीय टीम घायल तेंदुए की खोजबीन कर रहे हैं, लेकिन घायल तेंदुए का कहीं भी पता नहीं चल सका है।

### गार्डन में चाकू लेकर पहुंचा युवक, जेल दाखिल

**बिलासपुर।** रतनपुर के लखनी देवी मंदिर व गार्डन जैसे संवेदनशील इलाके में चाकू लेकर पहुंचा युवक



आसपास के लोगों का भयादोहन करने लगा। इसकी सूचना रतनपुर थाने को मिली, जिसके बाद युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। युवक के कब्जे से चाकू बरामद किया गया है। पेट्रोलिंग के दौरान सूचना मिली थी कि बदमाश लखनीदेवी मंदिर के गार्डन के सामने बाइक में घूमकर धारदार चाकू दिखाकर लोगों को डरा रहा है। रतनपुर पुलिस टीम द्वारा लखनीदेवी मंदिर गार्डन में घेराबंदी कर व्यक्ति को दबोचा गया। पुलिस ने धारदार चाकू के साथ युवक को पकड़कर बाइक जब्त कर लिया है। आरोपी परसराम सतनामी पिता गोरेलाल सतनामी उम्र 34 वर्ष नवगंवा कोनी का रहने वाला है। पुलिस ने मामले में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर युवक को जेल भेज दिया है।

# ट्रैफिक पुलिस ने 5 महीने में 2 हजार 21 वाहन चालकों पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों पर बिलासपुर पुलिस ने सख्ती बढ़ा दी है। एएसपी यातायात



रामगोपाल करियारे के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे विशेष चेकिंग अभियान के तहत पिछले 5 महीनों में रिकार्ड कार्रवाई की गई है।

पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं के आंकडों की समीक्षा में यह बात सामने आई है कि शहर के सर्वाधिक सड़क हादसे शाम 6 बजे से लेकर रात्रि 12 बजे के बीच होते हैं। इसे देखते हुए इस समयावधि में रोज विशेष चेंकिग अभियान चलाया जा रहा है।

### 1 हजार चालकों के लाइसेंस सस्पेंड

यातायात पुलिस ने जनवरी से अब तक शराब पीकर वाहन चलाने वाले 2 हजार 21 चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई कर कोर्ट भेजा है, जहां उन पर भारी जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा बार-बार नियम तोड़ने वाले और लापरवाही से वाहन चलाने वाले 1 हजार से अधिक वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस के निलंबन की कार्रवाई की गई है।

### नशा और तेज रफ्तार हादसों की वजह

पुलिस के अनुसार नशा और तेज रफ्तार ही सड़क हादसों का कारण है। वहीं हेल्मट और सीट वेल्ट न लगाना जान गंवाने की मुख्य वजह बनते हैं। शहर के चौक-चौराहों पर स्टॉपर लगाकर स्टटिंग ,ट्रिपल सवारी और मोडिफाइड सांइलेंसर वालो पर नजर रखी जाती है। आईटीएमएस की मदद से निगरानी कर चलाने भी काटे जाते हैं।

# देर से पहुंची एंबुलेंस मरीज की हो गई मौत

**बिलासपुर।** सरकारी एम्बुलेंस की लेटलतीफी के कारण एक मरीज को जान गंवानी पड़ी है।

घटना गुरूवार रात की है। कोटा के ग्राम केंदा के अभिषेक कुमार ने अनुसार उनके पिता को गंभीर अवस्था में सिम्स में भर्ती किया गया था, स्थिति को देखते हुए आईसीयू में भर्ती किया गया। उनकी हालत को देखते हुए डाक्टरों ने रायपुर एम्स रिफर कर दिया। उन्होंने युवक ने शाम 7 बजे रायपुर एम्स शिफ्ट करने एम्बुलेंस सर्विस 108 में कॉल किया, करीब 5 घंटे बाद रात करीब 12 बजे एम्बुलेंस सिम्स पहुंची। एम्बुलेंस में ऑक्सीजन और वेंटिलेटर नहीं होने की बात कहते हुए चालक ने अभिषेक को निजी एम्बुलेंस करने की सलाह दी। कुछ देर रूकने के बाद चालक और स्टाफ एम्बुलेंस को छोड़कर भाग गए निकले। इसके बाद युवक ने एम्बुलेंस की व्यवस्था की लेकिन गंभीर पिता को रायपुर एम्स ले जाते समय उनकी मौत हो गई । इसके बाद युवक ने पिता को बचाने के लिए कई अधिकारियों से संपर्क साधा लेकिन पूरी कवायद के बीच पिता की मौत के बाद दम तोड़ दिया।

### तेज रफ्तार बाइक सवार की मौत, एक घायल

**बिलासपुर।** नशे की हालत में तेज रफ्तार बाइक चलाने वाले युवक की डिवाईडर से टकराने से मौत हो गई। इस दौरान पीछे बैठा युवक सड़क पर गिर कर घायल हो गया। कोनी पुलिस ने मामले में मृग कायम कर लिया है। पुलिस के अनुसार चकरभाठा इंदिरा आवास परसदा निवासी मनमोहन निर्मलकर बाइक से रात 1 बजे के करीब रतनुपर की ओर जा रहा था। उसके साथ उसका दोस्त भी साथ में था।कोनी रोड स्थित जीजीयू पहुंचा था इस दौरान तेज रफ्तार बाइक अचानक डिवाइडर से टकरा गई। हादसा इतना दर्दनाक था कि मनमोहन के सीने और सिर में गंभीर चोट आई और पीछे बैठा उसका दोस्त हादसे में घायल हो गया। किसी ने पुलिस को इसकी सूचना दी और दोनों को सिम्स पहुंचाया गया लेकिन इलाज के दौरान मनमोहन निर्मलकर की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मृग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

---

अब तक अवकाश के दिनों में परेशान होते थे पशुपालक

# छुट्टी के दिन भी खुले रहेंगे पशु चिकित्सालय, टाइमिंग में भी बदलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पशुओं का इलाज करने वाले सरकारी अस्पताल अब अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे। सरकार का यह आदेश हजारों पशुपालकों के हित में एक राहत भरा निर्णय साबित होगा। अब तक अवकाश के दिनों में पशु चिकित्सालय बंद होने के कारण पशुपालकों को परेशान होना पड़ता था। शासन द्वारा अस्पताल खोले जाने की समयावधि में भी एक घंटे की बढ़ोतरी की गई है।




पालतू पशुपालकों के लिए एक अच्छी खबर है। अब अवकाश के दिनों में उनके पालतू पशुओं की तबियत बिगड़ने पर उन्हें इलाज के अभाव में परेशान नहीं होना पड़ेगा। सरकार ने अब न केवल रविवार, बल्कि प्रत्येक शासकीय अवकाश पर भी शासकीय अस्पतालों को खोलने का आदेश जारी किया है। जारी आदेशों के अनुसार शासकीय अवकाश के दिनों में सारे पशु चिकित्सालय सुबह आठ बजे से दोपहर बारह बजे तक खुले रहेंगे। इससे पहले तक शासकीय अवकाश के दिनों में सरकारी पशु चिकित्सालय बंद होने की स्थिति में या तो पशुपालक अपने पालतू पशु के इलाज के लिए दूसरे दिन का इंतजार करना होता था, या फिर उन्हें निजी तौर पर अपने घरों में प्रैक्टिस करने वाले पशु चिकित्सकों को खोजना होता था। अब इस झंझट से निजात मिल सकेगी।

इसी तरह शासन के आदेशानुसार पशु चिकित्सालय, पशु औषधालय, कृत्रिम गर्भाधान केंद्र, कृत्रिम गर्भाधान उपकेंद्र तथा मुख्य ग्राम इकाइयों का संचालन भी प्रतिदिन सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया जाएगा। शासकीय अवकाश के दिनों में भी इन संस्थाओं का संचालन सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा, ताकि पशुपालकों को आवश्यक सेवाएं समय पर उपलब्ध हो सकें।

### खुले रहेंगे चिकित्सालय

पशुधन विकास विभाग की जिले के सभी पशुपालकों, डेयरी संचालकों, किसानों एवं आम नागरिकों से अपील है कि वे पशु चिकित्सा एवं संबंधित सेवाओं का लाभ निर्धारित समयावधि में प्राप्त करें। विभाग के अंतर्गत संचालित सभी मैदानी संस्थाएं नए समयानुसार नियमित रूप से कार्य करेंगी।

**-जीएस तंवर,** संयुक्त
संचालक पशुपालन विभाग

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152